डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार



PG-8

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमाः-जेठालाल को सता रही है पत्नी दया की याद, कहा दिशा जब से गई है तब से

वर्ष -08 अंक -293 प्रयागराज ,गुरुवार, 16, फरवरी, 2023 पृष्ठ- 8 मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा को 2021-22 में 614 और कांग्रेस को 95 करोड़ रुपये चंदा मिला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** वर्ष 2021-22 में भाजपा को 614 करोड़ रुपये, जबकि कांग्रेस को 95 करोड़ रुपये चंदा प्राप्त हुआ। एसोसिएशन



फार डेमोक्रेटिक रिफा?र्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार, 2021-22 के लिए राष्ट्रीय राजनीतिक दलों ने 7,141 चंदों से (20,000 रुपये से अधिक) प्राप्त कुल चंदा 780.774 करोड़ रुपये घोषित किया है। भाजपा ने 4,957 चंदों से कुल 614.63 करोड़ रुपये मिलने की घोषणा की है। इसके बाद कांग्रेस का स्थान है। उसने 1,255 चंदों से 95.46 करोड़ रुपये मिलने की घोषणा की है। भाजपा की तरफ से घोषित चंदा इस अवधि के लिए कांग्रेस, राकांपा, भाकपा, माकपा, एनपीईपी और तृणमूल कांग्रेस की ओर से घोषित कुल चंदे से तीन गुना अधिक है। एडीआर के अनुसार, बसपा ने घोषणा की है कि उसे 2021-22 के दौरान 20,000 रुपये से अधिक का कोई चंदा नहीं मिला है। राष्ट्रीय दलों के लिए कुल चंदा 2021-22 के दौरान 187.03 करोड़ रुपये बढ़ गया, जो 2020-21 से 31.50 प्रतिशत अधिक है। भाजपा को चंदा 2020-21 के 477.55 करोड़ रुपये से बढ़कर 2021-22 में 614.63 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल में 28.71 प्रतिशत तक की वृद्धि है। कांग्रेस का चंदा वित्त वर्ष 2020-21 के 74.52 करोड़ रुपये से बढ़कर 2021-22 के दौरान 95.46 करोड़ रुपये हो गया, जो 28.09 प्रतिशत की वृद्धि है। सीपीएम और एनसीपी ने 2020-21 की तुलना में 2021-22 में चंदे की राशि क्रमशः 22.06 प्रतिशत (2.85 करोड़ रुपये) और 40.50 प्रतिशत (24.10 लाख रुपये) कम प्राप्त होने की घोषणा की है।

## एयर इंडिया-बोइंग डील के बाद पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से की बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



ने मंगलवार को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से फोन पर बातचीत की और अंतरिक्ष, सेमी-कंडक्टर, आपूर्ति श्रृंखला, रक्षा सह-उत्पादन और सह-विकास समेत कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की गहरी इच्छा व्यक्त की। व्यापक और वैश्विक साझेदारी को और गहरा बनाने पर हुई चर्चा प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। पीएमओ ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच गर्मजोशी से और सार्थक वार्तालाप हुई। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, ठराष्ट्रपति जो बाइडन के साथ बात करके खुशी हुई। भारत-अमेरिका व्यापक और वैश्विक साझेदारी को और गहरा बनाने के लिए जारी और नई पहलों की समीक्षा के लिए उत्कृष्ट चर्चा। हम ऐतिहासिक एयर इंडिया और बोइंग समझौते का स्वागत करते हैं, जो दोनों देशों में नए अवसर पैदा करने में मदद करेगा।ठइससे पहले, पीएमओ ने कहा कि मोदी और बाइडन ने भारत-अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी प्रगाढ़ होने पर संतोष व्यक्त किया, जिसके परिणामस्वरूप सभी क्षेत्रों में मजबूत विकास हुआ है। पीएमओ ने कहा कि दोनों देशों ने एयर इंडिया और बोइंग के बीच एक ऐतिहासिक समझौतेठ की घोषणा का स्वागत करते हुए इसे पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग का एक शानदार उदाहरण बताया, जो दोनों देशों में रोजगार के नए अवसर पैदा करने में मदद करेगा। प्रधानमंत्री ने बोइंग और अन्य अमेरिकी कंपनियों को भारत में बढ़ते नागर विमानन क्षेत्र के कारण उत्पन्न अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया।

## अडानी समूह की जांच करे आरबीआई और सेबी कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने लिखा पत्र

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर शक्तिकांत दास और सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच को दो अलग-अलग पत्र लिखकर हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा अडानी ग्रुप पर लगाए गए आरोपों की जांच करने की मांग की है। अडानी समूह का हवाला देते हुए, सेबी प्रमुख को लिखे उनके पत्र में कहा गया है कि जांच ठनिष्पक्ष और पूर्ण, बिना किसी पक्ष केठ होनी चाहिए। पत्र में कहा गया है कि ऐसा करने में कोई भी विफलता भारतीय कॉर्पोरेट प्रशासन और भारत के वित्तीय नियामकों पर छाया डालेगी और वैश्विक स्तर पर धन जुटाने की हमारी क्षमता को प्रभावित कर सकती है।उन्होंने अपनी बात को दोहराते हुए कहा कि अडानी समूह के खिलाफ लगाए गए कई आरोपों की एक पूर्ण स्वतंत्र जांच की जानी चाहि जयराम ने अपने पत्र में जताई चिंताइसके अलावा उन्होंने अपने पत्र में एक और चिंता जताई कि राष्ट्रीय महत्व के वित्तीय संस्थान, जैसे कि भारतीय जीवन बीमा निगम और भारतीय स्टेट बैंक, अडानी समूह की इक्विटी को भारी मात्रा में क्यों खरीद रहे थे, जब अधिकांश निजी फंड गंभीर रूप से कम वजन वाले थे।एलआईसी, जिस पर 30 करोड़ भारतीय अपनी जीवन भर की बचत का भरोसा करते हैं, ने हाल के



दिनों में अडानी समूह के शेयरों में हजारों करोड़ रुपये खो दिए हैं उन्होंने सवाल किया, क्या हमें यह सुनिश्चित नहीं करना चाहिए कि ऐसे सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थान अपने निजी क्षेत्र के समकक्षों की तुलना में अपने निवेश में अधिक रूढ़िवादी हैं और ऊपर से दबाव से मुक्त हैं आरबीआई गवर्नर को लिखे पत्र में, उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक को दो पहलुओं पर गौर करना चाहिए। भारतीय बैंकिंग प्रणाली में अडानी समूह का सही जोखिम क्या है और यदि समूह को विदेशी फंडिंग में गिरावट आती है तो संभावित बेल-आउट योजना क्या है। उन्होंने पत्र में कहा, आरबीआई को दो पहलुओं पर गौर करना चाहिएः एक, भारतीय बैंकिंग प्रणाली का सही अडानी समूह का एक्सपोजर क्या है दो, अडानी समूह को स्पष्ट और निहित गारंटी क्या है कि अगर विदेशी फंडिंग समाप्त हो जाती है तो भारतीय बैंकों द्वारा उसे उबार लिया जाएगा पिछले दो हफ्तों में, अडानी समूह की कंपनियों के शेयर की कीमतों में काफी गिरावट आई है। शॉर्ट सेलर की रिपोर्ट ने समूह द्वारा स्टॉक में हेरफेर और धोखाधड़ी का आरोप लगाया।यूएस-आधारित फर्म ने 24 जनवरी को अपनी रिपोर्ट में, अडानी समूह की कंपनियों के शेयरों के बारे में चिंता जताई, जिसमें उच्च मूल्यांकन, स्टॉक हेरफेर, और लेखांकन धोखाधड़ी के कारण अपने मौजूदा स्तरों से गिरावट की संभावना थी।अडानी समूह ने हिंडनबर्ग पर ठएक अनैतिक कम विक्रेता के रूप में हमला किया है और कहा है कि न्यूयॉर्क स्थित इकाई की रिपोर्ट झूठ के अलावा कुछ नहीं थी।समूह के शेयरों में निरंतर बिकवाली के कारण इसकी प्रमुख फर्म, अदानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने 20,000 करोड़ रुपये के पूर्ण रूप से सब्सक्राइब किए गए सार्वजनिक प्रस्ताव को रद्द कर दिया। फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफरिंग (एफपीओ) अपने आरंभिक सार्वजनिक प्रस्तावों के बाद स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध कंपनी द्वारा निवेशकों को शेयर जारी करना है।अडानी समूह ने 29 जनवरी को 413 पन्नों की एक लंबी रिपोर्ट में कहा कि हिंडनबर्ग रिसर्च की हालिया रिपोर्ट किसी विशिष्ट कंपनी पर हमला नहीं है, बल्कि भारत और इसकी विकास की कहानी और महत्वाकांक्षाओं पर सुनियोजित हमला है।

## काला जादू, टोना-टोटका पर लगेगी लगाम कानून पारित करने के लिए केरल हाईकोर्ट में दायर की गई याचिका

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**कोच्चि।** केरल मानव बलि मामले के बाद से काला-जादू, टोना-टोटका जैसी अमानवीय कुरीतियों पर रोक लगाने की मांग तेजी से बढ़ गई है। कानून पारित करने की मांग को लेकर केरल हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। 14 फरवरी को दायर किए गए इस याचिका पर प्रधान न्यायाधीश एस मणिकुमार की अध्यक्षता वाली पीठ सुनवाई कर रही है। कानून पारित करने में देरी क्यों प्रधान न्यायाधीश एस मणिकुमार की अध्यक्षता वाली पीठ ने सरकार से सवाल किया है कि काला-जादू, टोना-टोटका जैसी अमानवीय कुरीतियों पर रोक लगाने के लिए कानून को पारित करने में क्यों देरी हो रही है और इसका कारण क्या है। कोर्ट ने कहा है कि वह इस मामले में दो हफ्ते बाद फिर से सुनवाई करेगा।केरल युक्ति वधी संगम द्वारा दायर रिट याचिका में हाई कोर्ट को बताया गया कि राज्य में अंधविश्वासों से अपराध लगातार बढ़ते जा रहे है। वकील पीवी जीवेश के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है, 'वर्तमान में, सामान्य दंड विधान में इसे प्रतिबंधित करने या अन्यथा निपटने के लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं हैं। केवल कर्नाटक और महाराष्ट्र दो ऐसे राज्य हैं, जहां इस संबंध में कानून पारित किए गए हैं। याचिका में कानून सुधार आयोग की रिपोर्ट 2019 की सिफारिश पर विचार करने और 'द केरल प्रिवेंशन ऑफ इरैडिकेशन ऑफ अमानवीय बुराई प्रथाओं, जादू-टोना और काला जादू विधेयक-2019' के अधिनियमन के संबंध में निर्णय लेने की मांग की गई थी। याचिका में मानव बलि और अन्य अमानवीय, बर्बर प्रथाओं और काले जादू आदि को अवैध घोषित करने और राज्य में काले जादू और जादू टोना केंद्रों के खिलाफ कार्रवाई करने की भी मांग की गई है। याचिका में अंधविश्वास की सामग्री वाली फल्मिों, धारावाहिकों, टेलीफिल्मों को अवैध घोषित करने की भी मांग की गई है।




## पीएम मोदी ने 'आदि महोत्सव' का करेंगे उद्घाटन, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में होगा आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव 'आदि महोत्सव' का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा, 'राष्ट्रीय मंच पर जनजातीय संस्कृति को प्रदर्शित करने के प्रयास के तहत प्रधानमंत्री मोदी 16 फरवरी को सुबह 10:30 बजे दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में मेगा राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव 'आदि महोत्सव' का उद्घाटन करेंगे।'पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश की जनजातीय आबादी के कल्याण के लिए कदम उठाने में सबसे आगे रहे हैं और वह देश के विकास में उनके योगदान का उचित सम्मान भी करते हैं। आदिवासी संस्कृति, शिल्प, व्यंजन, वाणिज्य और पारंपरिक कला की भावना का जश्न मनाने वाला आदि महोत्सव, जनजातीय मामलों के मंत्रालय के तहत जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड) की एक वार्षिक पहल है।16 से 27 फरवरी तक दिल्ली के ध्यानचंद स्टेडियम में होगा आयोजन इस साल इसका आयोजन 16 से 27 फरवरी तक दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में किया जा रहा है। पीएमओ के मुताबिक कार्यक्रम स्थल पर 200 से अधिक



स्टालों में देश भर की जनजातियों की समृद्ध और विविध विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा। महोत्सव में लगभग 1000 आदिवासी कारीगर लेंगे भाग पीएमओ ने कहा कि चूंकि 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मोटे अनाज के वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, इसलिए हस्तशिल्प, हथकरघा, मिट्टी के बर्तन, आभूषण आदि जैसे सामान्य आकर्षणों के साथ, महोत्सव में जनजातीय समुदाय द्वारा उगाए गए 'श्री अन्न' को प्रदर्शित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## ईडी का बड़ा एक्शन सीएम विजयन के पूर्व मुख्य सचिव शिवशंकर गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**कोच्चि।** केरल सरकार की लाइफ मिशन प्रोजेक्ट में हुए कथित घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सीएम पिनाराई विजयन के पूर्व मुख्य सचिव एम शिवशंकर को गिरफ्तार कर लिया है।



अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी पिछले तीन दिनों से शिवशंकर से पूछताछ कर रही थी। मंगलवार की रात उन्हें गिरफ्तार किया गया सूत्रों ने कहा कि शिवशंकर की गिरफ्तारी जल्द दर्ज की जाएगी। उन्हें मेडिकल जांच के बाद बुधवार को अदालत में पेश किया जाएगा। बता दें कि शिवशंकर 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हुए थे। इससे पहले, गोल्ड तस्करी मामले में भी शिवशंकर को गिरफ्तार किया गया था।गौरतलब है कि लाइफ मिशन परियोजना के तहत केरल के त्रिशूर जिले के वाडक्कनचेरी में गरीबों के लिए घर उपलब्ध कराना है। सीबीआई ने 2010 में कोच्चि की एक अदालत में विदेशी योगदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) के तहत एफआईआर दर्ज की थी। तत्कालीन कांग्रेस विधायक अनिल अक्कारा की शिकायत पर ये कार्रवाई हुई थी। मामले में पहला आरोपी यूनिटेक बिल्डर के एमडी संतोष एप्पन को बनाया गया, जबकि दूसरा आरोपी सेन वेंचर्स को बनाया गया। एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों कंपनियों ने रेड क्रीसेंट द्वारा उनके साथ किए गए समझौते के आधार पर निर्माण किया था। ये लाइफ मिशन परियोजना के लिए 20 करोड़ रुपये प्रदान करने पर सहमत हुए थे। अक्कारा और कांग्रेस पार्टी का कहना है कि रेड क्रीसेंट द्वारा ठेकेदार के चयन में भ्रष्टाचार हुआ है। अक्कारा ने यह भी आरोप लगाया कि लाइफ मिशन परियोजना, निजी कंपनियों और अन्य ने एफसीआरए का उल्लंघन किया है।

## बीबीसी के मुंबई-दिल्ली दफ्तर में इनकम टैक्स का सर्वे, वित्तीय गड़बड़ी का आरोप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** वित्तीय गड़बड़ी के मामले में बीबीसी के दिल्ली व मुंबई स्थित दफ्तर में मंगलवार को इनकम



टैक्स विभाग का सर्वे संचालित किया गया। दोनों ही दफ्तरों में देर शाम तक सर्वे का काम जारी था। इसके बाद राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया और विपक्ष की ओर से बीबीसी डाक्यूमेंट्री को सर्वे का कारण बताया गया। आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक, बीबीसी पर ट्रांसफर प्राइसिंग नियम का उल्लंघन एवं होने वाले लाभ को डाइवर्ट करने का आरोप है। इन मामलों में बीबीसी को विभाग की तरफ से पहले भी कई नोटिस जारी किए गए थे। बीबीसी की तरफ से बार-बार आयकर नियमों को तोड़ने पर जांच के लिए सर्वे किया गया। माना जा रहा है कि अदाणी विवाद को लेकर पहले ही आक्रामक विपक्ष अब इस मुद्दे पर भी सरकार पर घेरा बढ़ाने की कोशिश करेगा। भाजपा की ओर से किसी भी बदले की भावना को खारिज करते हुए कहा गया कि जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं और उसके कामकाज में किसी को हस्तक्षेप नहीं देना चाहिए। बीबीसी की तरफ से ट्वीट कर कहा गया कि वह आयकर विभाग के साथ पूरा सहयोग कर रहा है और उसे इस मामले के जल्द ही सुलझ जाने का भरोसा है। बताया जा रहा है कि सर्वे के दौरान बीबीसी के कर्मचारियों को बाहर निकलने और फोन काल की इजाजत नहीं दी गई। आयकर अधिकारियों ने केवल वित्तीय विभाग का सर्वे किया और बताया जाता है कि उसके कंप्यूटर के पासकोड भी लिए गए, ताकि उन्हें खंगाला जा सके। आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक, बीबीसी कई वर्षों से ट्रांसफर प्राइसिंग नियम का उल्लंघन कर रहा था।

## सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा जज करेंगे अदाणी ग्रुप मामले की जांच 17 फरवरी को होगी याचिका पर सुनवाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रुप पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट कांग्रेस नेता की याचिका पर सुनवाई के लिए राजी हो गया है। कोर्ट शीर्ष अदालत के मौजूदा न्यायाधीश की देखरेख में जांच



की मांग करने वाली कांग्रेस नेता जया ठाकुर की एक नई याचिका पर 17 फरवरी को सुनवाई करेगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने माना कि याचिका पर सुनवाई की तत्काल जरूरत है। दोनों जजों की बेंच ने शुरू में सुनवाई के लिए 24 फरवरी की तारीख को सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई। हालांकि, जब वकील ने बताया कि 17 फरवरी को दो अन्य पीआईएल सूचीबद्ध हैं, तब अदालत ने तारीख बदली। बता दें कि जया ठाकुर ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा जनता का पैसा अदाणी एंटरप्राइजेज में निवेश करने पर उनकी भूमिका की जांच के लिए निर्देश देने की भी मांग की है। इससे पहले, सोमवार को केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि शेयर बाजार के लिए नियामकीय तंत्र को और मजबूत करने के लिए शीर्ष कोर्ट की ओर से किसी समिति का गठन किया जाता है तो उसे आपत्ति नहीं है। केंद्र द्वारा कहा गया कि समिति के काम करने के दायरे व अधिकार का फैसला केंद्र सरकार को करने दें। वह समिति के लिए बंद लिफाफे में विशेषज्ञों के नाम सुप्रीम कोर्ट को सौंपेगी। बता दें कि कोर्ट ने पिछले शुक्रवार को बाजार नियामक सेबी और भारत सरकार से निवेशकों के हितों को ध्यान में रखते हुए बेहतर निगरानी तंत्र बनाने पर विचार मांगे थे। साथ ही भारतीय निवशकों को हुए भारी नुकसान पर चिंता जताई थी।

## कोयंबटूर कार ब्लास्ट में एनआईए ने तेज की कार्रवाई, तीन राज्यों में 60 ठिकानों पर छापामारी



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** कोयंबटूर कार ब्लास्ट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) एक्टिव है। एनआईए की टीम तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल में कई ठिकानों पर छापामारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक, एनआईए अधिकारियों ने 60 ठिकानों की तलाशी ली है। बताया जा रहा है कि प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस से संबंध रखने वाले संदिग्धों को पकड़ने के लिए ये छापामारी की गई है।गौरतलब है कि बीते साल दीपावली से ठीक एक दिन पहले कोयंबटूर के संगमेश्वर मंदिर के सामने कार में सिलेंडर ब्लास्ट हुआ था। धमाके में 25 वर्षीय जमेशा मुबीन की मौत हो गई थी। जांच में पता चला कि जमेशा अपने अन्य साथियों के साथ दक्षिण भारत के कई इलाकों में बम धमाके की साजिश रच रहा था। पुलिस को उसके घर से भारी मात्रा में विस्फोटक मिला था। तलाशी के दौरान कोयंबटूर रेलवे स्टेशन का नक्शा, सिटी पुलिस कमिश्नर ऑफिस, कोयंबटूर कलेक्टरेट, रेस कोर्स और विक्टोरिया हाल के रोडमैप मिले थे। पुलिस का ये भी कहना था कि जमेशा आईएसआईएस के साथ संपर्क में था। कर्नाटक के मंगलुरु में बीते साल अक्टूबर में एक ऑटो रिक्शा में प्रेशर कुकर बम धमाका हुआ था। धमाके में आरोपी मोहम्मद शारिक भी घायल हुआ था। कई मामलों में आरोपी शारिक लंबे समय से फरार चल रहा था। जांच में पता चला कि शारिक आरएसएस से जुड़े संगठनों द्वारा आयोजित बच्चों के कार्यक्रम में धमाके की फिराक में था।

# सीबीएसई दसवीं, बारहवीं की बोर्ड परीक्षा शुरू, 48 जिलों में 3.80 लाख छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं बुधवार सुबह साढ़े दस बजे से शुरू हो गईं। सीबीएसई के प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय के अधीन पड़ने वाले पूर्वी उत्तर प्रदेश के 48 जिलों में तकरीबन 3.80 लाख छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। 10वीं में लगभग 1.25 लाख छात्र और 80 हजार छात्राएं जबकि 12वीं में 1.08 लाख छात्र और 68 हजार छात्राएं पंजीकृत हैं। सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षाओं के लिए इन 48 जिलों के तकरीबन दो हजार स्कूल के बच्चों के लिए कुल 432 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। संगमनगरी में 25120 छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। 10वीं में 13197 व 12वीं में 11923 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। प्रयागराज के तकरीबन 120 स्कूलों के विद्यार्थियों की परीक्षा के लिए 28 केंद्र बनाए गए हैं।




# चेकिंग के बाद विद्यालयों में पहुंचे परीक्षार्थी यूपी बोर्ड के सचिव ने परीक्षा केंद्रों का किया दौरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा गुरुवार को शांतिपूर्वक शुरू हो गई। पहली पाली में सुबह आठ से 11:15 बजे तक हाईस्कूल हिन्दी व प्रारंभिक हिन्दी और इंटर सैन्य विज्ञान की परीक्षा हो रही है। दूसरी पाली में दो से 05.15 बजे तक इंटरमीडिएट हिन्दी व सामान्य हिन्दी की परीक्षा कराई जाएगी। पहले दिन यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने सुबह राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सिविल लाइंस समेत अन्य परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। बोर्ड परीक्षा में 58 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे हैं। बोर्ड ने इस साल प्रश्नपत्र की क्वालिटी में खासा सुधार किया है। जिस प्रकार आईएएस और पीसीएस के प्रश्नपत्र ए-फोर साइज के पेपर पर छपते हैं उसी प्रकार बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र भी छपवाए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से प्रश्नपत्र को चार लेयर में रखा गया है। खास बात यह है कि हाईस्कूल के छात्र पहली बार ओएमआर शीट पर परीक्षा दे रहे हैं। 12वीं की परीक्षा में शामिल परीक्षार्थियों के लिए यह पहली बोर्ड परीक्षा है क्योंकि 2021 में कोरोना के कारण इन्हें बगैर परीक्षा कराए 11वीं में प्रमोट कर दिया गया था।



# आजाद पार्क में प्रयागराज के इतिहास पर शो शुरू

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज के इतिहास पर शहीद आजाद पार्क में शो शुरू हो गया। पार्क के पांड में पानी पर 30 मिनट की फिल्म दिखाई जा रही है। अभी हिन्दी में फिल्म दिखाई जा रही है। शीघ्र फिल्म का अंग्रेजी वर्जन भी दिखाया जाएगा। प्रयागराज स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने दिसंबर के आखिरी सप्ताह से लेजर शो दिखाना शुरू कर दिया था। 26 जनवरी से लेजर शो के साथ फिल्म शो भी शुरू करने की योजना थी। तकनीकी गड़बड़ी के कारण फिल्म शो शुरू करने में कई दिन लग गए।



# सांसद खेल प्रतियोगिता में खो खो में लक्ष्मणपुर का दबदबा



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जिला स्टेडियम में चल रही सांसद खेल प्रतियोगिता में लक्ष्मणपुर ने खो खो 14 से 24बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर रहा।वहीं खो खो 14 से 24 वर्ग में बालिका वर्ग में लक्ष्मणपुर उप विजेता रही। बालक कबड्डी में सेमीफाइनल के मैच में बहुत ही नजदीकी अंतराल से बाहर हुई। बालिका वर्ग की 400मी0दौड़ में लक्ष्मणपुर की छात्रा नैन्सी यादव प्रथम रही। इस अवसर पर रामकुमार सिंह जिला व्यायाम शिक्षक ,मंजू सिंह जिला व्यायाम शिक्षिका, सुशील सिंह जिला स्काउट मास्टर ,बाल कृष्णा संविलियन विद्यालय काछा प्रधानाध्यापक , सुभाष पांडे पीटीआई लालगंज , सुधीर पांडे पीटीआई , पूनम , कुलदीप शुक्ल प्रियंका सिंह प्रिया गुप्ता, पवन सिंह , विवेक सिंह, शरद तिवारी, पवन सरोज, मोहित तिवारी, महेंद्र कन्नौजिया , विवेक तिवारी , दीपक पाल , राम सिंह पाल आदि लोग मौजूद रहे ।

# थाना मेजा पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** थाना मेजा पुलिस द्वारा आज दिनांक 15.02.2023 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त किनकऊ पुत्र स्व0 जंगाली नि0 ग्राम चमनगंज जरार थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज को 20 लीटर कच्ची अवैध देशी कच्ची शराब के साथ थाना मेजा क्षेत्रान्तर्गत चमनगंज मोड़ ग्राम जरार से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मेजा में मु0अ0सं0 071/23 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। **नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त** किनकऊ पुत्र स्व0 जंगाली नि0 ग्राम चमनगंज जरार थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज उम्र 45 वर्ष पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 071/2023 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना मेजा , पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज



**बरामदगी का विवरण** 20 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम 30नि0 रामभवन वर्मा चौकी प्रभारी मेजा रोड, हे0का0 संजय सिंह यादव, का0 प्रान्शु कुमार, का0 विपिन कुमार।

# हज यात्रा हेतु 10 मार्च तक करें आनलाइन आवेदन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सच्चिदानन्द तिवारी ने बताया कि हज यात्रा-2023 हेतु हज यात्रियों की सुविधा हेतु जिला स्तर पर मदरसा दारूल उलूम गुलशने मदीना पल्टन बाजार को नोडल अधिकारी बनाया गया है। मदरसे के प्रधानाचार्य मुख्तार अहमद हबीबी के मोबाइल नम्बर 9554298786 एवं मदरसा बाजे असहब बरई कुण्डा नोडल अधिकारी शाहिद हुसैन प्रधानाचार्य के मोबाइल नम्बर 9451002020 को नामित करते हुये ई-सुविधा केन्द्र/हज फैसिलीटेशन सेन्टर बनाया गया है। हज यात्रा हेतु दिनांक 10 मार्च 2023 तक आनलाइन आवेदन कर सकते है। हज आवेदन पत्र भरने से पूर्व आवेक हज-2023 के दिशा निर्देशों को ध्यान से पढ़ लें। आवेदन की निर्धारित अन्तिम तिथि को भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट की वैद्यता 03 फरवरी 2024 से कम नहीं होना चाहिये। आवेदन करते समय कोई रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा नहीं होगा।एक कवर में एक परिवार के अधिकतम चार व न्यूनतम एक व्यस्क व दो इंफेण्ट आवेदन कर सकेगें। प्रत्येक आवेदक के लिये मान्यता प्राप्त कोविड-19 की वैक्सीन का लगा होना अथवा उड़ान से एक माह पूर्व लगवाना आवश्यक होगा तभी यात्रा की अनुमति होगी। आवेदकों की न्यूनतम व अधिकतम आयु की कोई सीमा निर्धारित नहीं है।अधिक जानकारी हेतु जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

# प्रधानों एवं सदस्यों के रिक्त पदों पर मतदान 02 मार्च को एवं 04 मार्च को होगी मतगणना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) डा0 नितिन बंसल ने जनपद प्रतापगढ़ की ग्राम पंचायतों के प्रधानों तथा सदस्यों के वैधानिक रूप से रिक्त स्थानों/पदों पर उप निर्वाचन हेतु समय सारिणी जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि जनपद में 02 ग्राम पंचायतों क्रमशः कोर्रही (विकास खण्ड बिहार) व उमरी (विकास खण्ड सण्ड़वा चन्द्रिका) में प्रधानों का उप निर्वाचन तथा अन्य ग्राम पंचायतों में रिक्त 43 ग्राम पंचायत सदस्यों का उप निर्वाचन कराया जाना है। उन्होने बताया है कि दिनांक 20 फरवरी को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक नाम निर्देशन पत्रों को जमा किया जायेगा, 21 फरवरी को पूर्वान्ह 10 बजे से कार्य की समाप्ति तक नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी, 22 फरवरी को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक उम्मीदवारी वापसी एवं अपराह्न 3 बजे से कार्य की समाप्ति तक प्रतीक आवंटन किया जायेगा। दिनांक 02 मार्च को प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक मतदान एवं दिनांक 04 मार्च को प्रातः 8 बजे से कार्य की समाप्ति तक मतगणना की जायेगी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा दिनांक 16 फरवरी से नामांकन पत्रों का विक्रय किया जायेगा। उप निर्वाचन में प्रधान ग्राम पंचायत एवं ग्राम पंचायत सदस्यों के नामांकन पत्र दाखिल करने, उनकी संवीक्षा करने, उम्मीदवारी वापस लेने, चुनाव चिन्ह आवंटन तथा मतगणना का कार्य सम्बन्धित विकास खण्ड मुख्यालय पर होगा। परिणाम की घोषणा भी सम्बन्धित विकास खण्ड मुख्यालय पर की जायेगी।जिला मजिस्ट्रेट ने ग्राम पंचायतों के प्रधानों तथा सदस्यों के रिक्त पदों के उप निर्वाचन को सकुशल एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराये जाने हेतु विकास खण्ड कालाकांकर, गौरा, बाबा बेलखरनाथ धाम, बाबागंज, बिहार, रामपुर संग्रामगढ़, लक्ष्मणपुर, शिवगढ़, सण्ड़वा चन्द्रिका व सदर में निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी को नियुक्त कर दिया है।

# छात्रसंघ बहाली की मांग को लेकर अनशनकारी छात्रों ने किया बुद्धि-शुद्धि यज्ञ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 400 प्रतिशत फीस वृद्धि के विरोध में छात्रसंघ बहाली की मांग को लेकर कुलपति की अवैध नियुक्ति के खिलाफ आंदोलन का 939वा दिन छात्र नेता अजय यादव सम्राट के नेतृत्व में जारी है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में केंद्रीय लाइब्रेरी में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर जैसे नई किताबें उपलब्ध न होना, शुद्ध पेयजल व्यवस्था न होना, लाइब्रेरी में सारे कंप्यूटर ध्वस्त पड़े हैं जिसकी मरम्मत करवाना, लाइब्रेरी में प्रयाप्त मात्रा में कुर्सी उपलब्ध न होना, इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 400 प्रतिशत फीस वृद्धि के विरोध में, छात्रसंघ बहाली की मांग कुलपति की बर्खास्तगी को लेकर आज आंदोलनकारियों ने आज लाइब्रेरी गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय परिसर में पद भ्रमण करने के बाद छात्रसंघ भवन पर बुद्धि शुद्धि यज्ञ करके अपना विरोध दर्ज कराया।



# केशव मौर्य बोले- सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की श्रीरामचरितमानस पर बयानबाजी के डायरेक्टर अखिलेश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** मानस तन-मन। मानस जीवन। मानस से संसार। मानस को जो समझ न पाए उसका जीवन बेकार। यह टिप्पणी बुधवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने की। सर्किट हाउस में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा, सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य श्रीरामचरितमानस या सनातनी व्यवस्था को लेकर जो भी बयानबाजी कर रहे हैं उसके डायरेक्टर सपा मुखिया अखिलेश यादव हैं। एक समय था ये सभी रोजा इफ्तार तक सीमित थे। वर्ष 2014 में भाजपा की सरकार आने का फर्क जनता देख रही है। कहा कि विपक्षी दल का कोई नेता खुद को श्रीकृष्ण का वंशज करार दे रहा है तो कोई रुद्राक्ष की माला पहनकर घूम रहा है। कुछ हनुमान मंदिर का चक्कर लगा रहे हैं तो



कोई भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। शुआट्स प्रकरण पर कहा, शिक्षा माफिया व मतांतरण कराने वाले बचेंगे नहीं। ढोंगी, कब्जा की प्रवृत्ति रखने वाले या जन सामान्य को भ्रमित करने वालों पर भी प्रशासन का पीला पंजा जरूर चलेगा। कानपुर देहात में मां-बेटी के जिंदा जलने के मामले में कहा कि सरकार किसी गरीब के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही। सरकार की मंशा साफ है कि गरीब को छेड़ेंगे नहीं और माफिया को छोड़ेंगे नहीं। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। वह कानपुर की घटना पर राजनीति कर रहा है। ढोंगी, कब्जा की प्रवृत्ति रखने वाले या जन सामान्य को भ्रमित करने वालों पर भी प्रशासन का पीला पंजा जरूर चलेगा। कानपुर देहात में मां-बेटी के जिंदा जलने के मामले में कहा कि सरकार किसी गरीब के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही। सरकार की मंशा साफ है कि गरीब को छेड़ेंगे नहीं और माफिया को छोड़ेंगे नहीं। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। वह कानपुर की घटना पर राजनीति कर रहा है।

# सलमान खुर्शीद के खेद जताने पर आपराधिक केस कार्यवाही रद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर दिए बयान पर अफसोस जताने के बाद फर्रूखाबाद अदालत में चल रहे आपराधिक केस को हाई कोर्ट ने रद कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति डीके सिंह ने सलमान खुर्शीद की याचिका को मंजूर करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा कभी कभी अनजाने में निकली बातें दूसरों की भावना को आहत कर देती है जबकि मंशा आहत करने की नहीं होती। खेद प्रकट करना कठिन है किन्तु यह फेयर टीचर हैं। अब याची ने अपनी बात के लिए खेद जताया है और कहा है कि पत्रकार के सवाल पर मजाक में उन्होंने शहंशाह फिल्म में अमिताभ बच्चन का फेमस डायलॉग बोल दिया कि 'रिश्ते में हम उनके बाप लगते हैं।' ऐसा दुर्भावनावश नहीं कहा। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि सलमान खुर्शीद बाटला हाउस के आतंकियों से सहानुभूति रखते हैं। इस मुठभेड़ में कुछ आतंकियों सहित एक पुलिस इंस्पेक्टर की मौत हो गई थी। योगी के इसी बयान को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में खुर्शीद ने यह बात कही थी। खुर्शीद ने कहा, मजाक में फिल्मी डायलॉग बोला था ,योगी की भावना को आहत करने का कोई आशय नहीं था। खेद जताने पर कोर्ट ने कहा, केस चलाने का औचित्य नहीं है और केस कार्यवाही रद कर दी।





# चलती ट्रेन मे प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला यात्री को रेलवे चिकित्सा टीम ने डिलेवरी कराई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** देश के अन्य विभागो के अलावा आज भी रेलवे की कार्यशैली सबसे अलग है।इस विभाग के अधिकारी से लगायत कर्मचारी अपनी-अपनी जिम्मेदारी पर की कसौटी पर खरा उतरा नजर आते है। ऐसे ही एक दिलचस्प मामला देखने व सुनने मिला है।जहा चलती ट्रेन मे यात्रा कर रही महिला अपनी प्रशव पीड़ा से तड़प रही थी।उसी दौरान उसके परिजन इसकी जानकारी रेलवे को दी।उसे तत्काल अगले वाराणसी स्टेशन पर रेलवे हास्पिटल के चिकित्सीय टीम ने ट्रेन को अतिरिक्त समय तक रोककर सकुशल डिलेवरी कराया जिससे जच्चा-बच्चा दोनो स्वस्थ रहे। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय के कुशल निर्देशन मे रेल मदद सेवा के माध्यम से रेल यात्रियों की समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम मे दिल्ली से मालदा टाउन जा रही गाड़ी सं-13414 फरक्का एक्सप्रेस के स्लीपर कोच सं ए-3 के बर्थ सं-71 पर यात्रा कर रही 38 वर्षीय महिला यात्री लाल बानो को अत्यधिक प्रसव पीड़ा हो रही थी।इस प्रशव पीड़ा से महिला यात्री तड़प रही थी। इस दौरान उन्होंने अपने मोबाइल के माध्यम से 13:12 पर रेल मदद पर अपनी समस्या बताई। सूचना के आधार पर उनकी समस्या का संज्ञान लेते हुए पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल चिकित्सालय की टीम फरक्का एक्सप्रेस के वाराणसी जंक्शन पर पहुँचने के पूर्व पहुँच गयी। गाड़ी के प्लेटफार्म सं-5 पर प्लेस होते ही मंडल चिकित्सालय की मेडिकल टीम महिला यात्री के बर्थ पर पहुँच कर महिला का परिक्षण किया मंडल रेल चिकित्सालय में कार्यरत मंडल चिकित्सक डॉक्टर आयुष श्रीवास्तव एवं डाक्टर अमरनाथ ने अपने टीम के साथ केबिन खाली कराकर परदों से कवर करके आवश्यक मेडिकल सुविधाओं के साथ उक्त महिला का सुरक्षित प्रसव कराया।महिला को आवश्यक दवाएँ उपलब्ध कराईं। महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया।जच्चा एवं बच्चा दोनों पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। इस दौरान महिला यात्री ने चिकित्सकीय टीम एवं रेलवे प्रशासन को आकस्मिक सेवा के लिए धन्यवाद दिया गया। तदुपरांत महिला यात्री उसी फरक्का एक्सप्रेस से अपने गन्तव्य के लिए रवाना हो गयी। इस आशय की जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार दी।



# अखिलेश, ओवैसी के खिलाफ दाखिल प्रार्थना पत्र निरस्त, भड़काऊ बयानबाजी का लगा था आरोप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।**ज्ञानवापी के वजूखाने में गंदगी करने और नेताओं की बयानबाजी को लेकर अधिवक्ता हरिशंकर पांडेय की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्र को एसीजेएम (प्रथम) उज्जवल उपाध्याय की अदालत ने खारिज कर दी। हरिशंकर पांडेय ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव व एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी द्वारा दिए गए बयान को हेट स्पीचिंग की श्रेणी में मानते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। आरोप लगाया था कि इन नेताओं ने अमर्यादित एवं गैर कानूनी कथनों पर बयान देकर हिंदू समाज के प्रति घृणा फैलाने का आपराधिक कृत्य किया है। अदालत ने बहस सुनने के पश्चात आदेश सुरक्षित करते हुए 14 फरवरी की तिथि मुकर्रर की थी। अधिवक्ता हरिशंकर पांडेय ने कोर्ट में प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया था कि ज्ञानवापी परिसर में नमाजियों की ओर से वजूखाने में हाथ-पैर धोए जाते हैं और गंदगी फैलाई जाती है। जबकि वह स्थान हमारे आराध्य भगवान शिव का स्थान है। यह हिंदू समाज के लिए अपमानजनक है। इसके साथ ही सर्वे में मिले शिवलिंग को लेकर एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आदि ने ज्ञानवापी प्रकरण पर विवादित बयान देकर हिंदुओं की भावनाओं पर कुठाराघात किया है। हरिशंकर पांडेय ने इस मामले में ज्ञानवापी मस्जिद के अंजुमन इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष मौलाना अब्दुल वाकी, मुफ्ती-ए-बनारस मौलाना अब्दुल बातिन नोमानी, कमेटी के संयुक्त सचिव सैय्यद मोहम्मद यासीन और बयान देने वाले नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की थी।





# हर हुनर में छात्राएं आगे आएं तभी होगा छात्राओं की तरक्की डॉ राघवेंद्र नारायण सिंह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** हरहुआ-आज के इस दौर में छात्राएं किसी प्रशिक्षण या संस्था में भाग लेने से अव्वल है उक्त बातें स्थित बैजलपट्टी में राजेश्वरी महिला महाविद्यालय में आज सहज योग के वाराणसी मेडिटेशन सेन्टर द्वारा संगीता रे की टीम द्वारा छात्राओं को सहज योग की कार्यशाला में सहज योग का प्रशिक्षण दिया गया । महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक साहित्यकार डॉ राघवेन्द्र नारायण सिंह ने आगन्तुक प्रशिक्षकों का स्वागत करते हुए सहज योग की उपयोगिता और उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सहज योग जीवन को सुचारु और सुव्यवस्थित करने के साथ ही आत्मसाक्षात्कार के लिए परम आवश्यक है।इससे मस्तिष्क में शान्ति और एकाग्रताशक्ति का विकास होता है। सहज योग की प्रशिक्षक श्रीमती संगीता रे ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वयं से साक्षात्कार ही योग है। इससे भीतरी आत्मिक ऊर्जा का जागरण होता है जिससे मानसिक तनाव खत्म हो जाता है।सहज योग स्वतः बिना प्रयास किये ही जीवन को आनन्दित करने की प्रक्रिया है। इसमें मन की शक्ति के नियंत्रित करने की अद्भुत शक्ति है। कोई भी व्यक्ति इसे करके अपनी कुंडलिनी जाग्रत कर सकता है। यह आत्मशोधन और आत्मपरिष्कार की अद्भुत विधि है। तत्पश्चात उन्होंने अपनी टीम की अन्य प्रशिक्षक महिलाओं के सहयोग से छात्राओं को सहज योग करने का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के उपरांत समस्त छात्राओं ने अपने भीतर शक्तिसंचार और परम शान्ति की अनुभूति प्राप्त की। प्रशिक्षण कार्यशाला में समस्त शिक्षकों कर्मचारियों और छात्राओं ने हिस्सा लिया। डॉ संतोष श्रीवास्तव,डॉ शालिनी नाग, इकबाल अहमद, प्रियंका सिंह,प्रियंका श्रीवास्तव, बसन्ती देवी, बी एन पांडेय,सोनू तिवारी ने कार्यशाला में विशेष शिरकत की। धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के उपनिदेशक अंशुमान सिंह ने किया।

# निर्माणाधीन मकान गिरने से मजदूर की मौत, एक घायल; हादसे की वजह बनी सुरक्षा मानकों की अनदेखी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** निर्माणाधीन पुराना मकान गिरने से मजदूर की मौत हो गई। एक अन्य मजदूर घायल हो गया। चेतगंज थाना क्षेत्र के बाग बरियार सिंह मोहल्ले में बुधवार की शाम हुई घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड कर्मी समेत पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी पहुंच गए। तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। गुलाबो देवी मंदिर के पास स्थित तारा प्रसाद जायसवाल के पुश्तैनी मकान को उनके तीन बेटों संतोष, मुकेश व मुन्ना ने तीन हिस्सों में बांट लिया था। सभी के हिस्से लगभग ढाई सौ फीट जमीन आई। थोड़ी जमीन रास्ते के लिए छोड़ी गई है। इनमें से संतोष का मकान तीन मंजिला बन रहा है। उससे सटे हिस्से में मुकेश ने मकान बनाने की शुरूआत दस दिन पहले की है। पुराने तीन मंजिला मकान के ऊपरी दो हिस्सों को मजदूर लगवाकर गिरवाया गया है। नीचे के हिस्से की छत अभी बची हुई थी। इसे गिराने व मकान बनाने की जिम्मेदारी ठेकेदार बाबूलाल दी। दो मजदूर चौबेपुर थाना क्षेत्र के ब्लाक चिरईगांव के राजापुर निवासी आजाद राजभर (22 वर्ष) व विजय कुमार (24 वर्ष) पिलर बनाने के लिए गड्ढा खोद रहे थे। इसी दौरान मकान का पुराना हिस्सा भरभरा कर उन पर गिर गया। दोनों मलबे में दब गए। यह देखकर आसपास के लोग जुट गए।फायर ब्रिगेड व पुलिस को सूचना देकर मलबे से दोनों मजदूरों को निकालने लगे। पहुंचे फायर कर्मियों ने मलबे से निकाले मजदूरों में से विजय की हालत गंभीर देखकर उसे स्ट्रेचर पर लादकर मंडलीय अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घायल आजाद को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। चर्चा है कि हादसा पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना देने के एक-डेढ़ घंटे पहले हुआ था। काफी देर तक छिपाने की कोशिश की जाती रही। मजदूर के मौत के बारे पता चलने पर किसी तरह की परेशानी से बचने के लिए मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने विजय की हालत गंभीर देखकर उसे सीपीआर देना शुरू किया लेकिन देर हो जाने से कोई रिस्पांस नहीं मिला। सूचना मिलते ही चेतगंज फायर स्टेशन से वाहनों के साथ फायर ब्रिगेड के जवान मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल सकरी गली में होने से वाहनों को लगभग पांच सौ मीटर पहले छोड़ना पड़ा। फायर कर्मियों ने मलबे से निकाले गए मजदूरों में से विजय की हालत गंभीर देखकर उसे स्ट्रेचर पर लादकर गलियों से पैदल चलते हुए बाहर निकाला और उसे मंडलीय अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घायल आजाद को इलाज के लिए भर्ती कराया। बाग बरियार सिंह मोहल्ले में हुए हादसे की वजह मकान बनवाते समय सुरक्षा मानकों की अनदेखी रही। पुराने मकान का पूरा हिस्सा नहीं गिराया गया और नए निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गई। घायल मजदूर आजाद की मानें तो गड्ढे करने के दौरान जमीन के नीचे से पानी आ रहा था। इसकी जानकारी मकान मालिक को दी लेकिन उसने काम जारी रखने को कहा। गड्ढा करने के दौरान ही पुराना हिस्सा भरभराकर गिर गया। लगभग 100 साल पुराने मकान को भी असुरक्षित तरीके से गिराया गया था। ऊपर का हिस्सा गिराने से मकान के नीचे का हिस्सा काफी कमजोर हो गया था। उसमें लोहे की गाडर पटिया आदि लटके हुए थे। मजदूरों की सुरक्षा के लिए हेलमेट आदि नहीं दिए गए थे। छोटी सी जिस जमीन पर मुकेश मकान बनाया रहा है उससे सटी जमीन पर तीन मंजिला भवन बनाया जा रहा है। इसके अलावा भी सकरी गली में कई ऊंचे-ऊंचे मकान हैं। इनमें सुरक्षा का इंतजाम नहीं है। मकानों तक आने-जाने का रास्ता भी इतना सकरा है कि बचाव कार्य संभव नहीं हो सकेगा। अधिकारियों ने लिया जायजा जिलाधिकारी एस राजलिंगम, एसीपी चेतगंज शिवा सिंह समेत पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने सबसे पहले पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया। तीन थानों की फोर्स भी आ गई थी। मौका पर निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी अस्पताल पहुंचे। घायल मजदूर का हाल जाना तथा डाक्टर से उसकी स्थिति के बारे में पूछा। मृतक के घरवालों को सूचना देने के साथ पुलिस जांच एवं परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पांडेयपुर में निर्माणाधीन रामलाल के चार मंजिला मकान का छज्जा गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई थी। 19 जनवरी को हुई घटना में शिवपुर के रहने वाले दीपक जायसवाल (42 वर्ष) और छोटे लाल उर्फ छोटई ( 40) को अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं पिछले वर्ष 16 दिसंबर को जर्जर मकान गिरने से उसमें रहने वाली बेबी वर्मा (48 वर्ष) की मौत हो गई थी।






100% Placement

सीधे प्रवेश

15% Fee Concession

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

(पहले आओ पहले पाओ)

❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर

❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



- ➤ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
- ➤ डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
- ➤ फायर सेफ्टी — सीसीए
- ➤ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
- ➤ इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
- ➤ सीएनसी प्रोग्रामिंग — बेसिक कम्प्युटर
- ➤ इलेक्ट्रिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर



Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0

8081180306 , 9415608710 , 8103021873

➪ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।


# गोरखपुर में हाथी का आतंक, यज्ञ के दौरान दो महिलाओं समेत तीन को रौंदा, सभी की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गोरखपुर।** गोरखपुर जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां चिलुआताल थाना क्षेत्र के मुहम्मदपुर माफी गांव में गुरुवार को यज्ञ के दौरान सनकी हाथी ने आतंक मचा दिया है। इस दौरान हाथी ने दो महिलाओं समेत तीन को कुचल दिया। जिससे दो महिलाओं ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि एक ने अस्पताल जाते समय दम तोड़ दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। ग्रामीण दहशत में हैं। जगतबेला में यज्ञ का आयोजन चल रहा था। चारों तरफ उत्सव का माहौल था। सभी लोग पूजन-अर्चन के साथ ही गाने- बजाने में व्यस्त थे। इसी दैरान अचानक हाथी सन गई और आतंक मचा दिया। जिससे पूरा माहौल गमगीन हो गया। हाथी के हमले में तीन लोगों की जान चली गई। घटना के बाद हाथी गीडा की तरफ भाग गई है। सूचना पाकर वन विभाग और चिलुआताल सहित आसपास के थानों की फोर्स हाथी को कब्जे में करने के लिए रवाना हो गई। इस दौरान पूरे इलाके में दहशत का माहौल हो गया। हाथी के हमले में तीन लोगों की मौत ने लोगों को सहमा दिया है। भय के कारण लोग घरों से बाहर निकलने से भी कतरा रहे हैं। गांव में दोबारा हाथी के आने की आशंका में लोग अपने-अपने बच्चों को लेकर घरों के अंदर दुबके हुए हैं। उधर हाथी को काबू करने का प्रयास जारी है। सनकी हाथी के कुचलने से कौशल्या देवी पत्नी दिलीप मद्धेशिया उम्र 50 वर्ष और कांति देवी पत्नी शंकर उपाध्याय उम्र 55 वर्ष की मौत हो गई। एक कृष्णा नाम का लड़का जो गांव में अपने ननिहाल आया था उसे भी हाथी ने रौंद दिया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसकी भी जान नहीं बच सकी। तीनों की मौत से सभी परिवारों में कोहराम मचा है।



# मां-बेटी के जिंदा जलकर मौत का मामला पहुंचा हाईकोर्ट, लेटर पिटिशन दाखिल कर की गई सीबीआई जांच, अदालत द्वारा मॉनिटरिंग की मांग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** कानपुर देहात में अतिक्रमण हटाने के दौरान मां-बेटी के जिंदा जलकर मौत और पिता



के झुलसने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में लेटर पिटिशन दाखिल की गई है। इसमें चीफ जस्टिस से घटना की सीबीआई जांच या मामले की ज्यूडिशियल इंक्वायरी का आदेश दिए जाने की मांग की गई है। हाईकोर्ट से जांच की मॉनिटरिंग किए जाने की भी अपील की गई है। साथ ही अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर पीड़ित परिवार को हुए नुकसान का मुआवजा दिये जाने की भी मांग की गई है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता गौरव द्विवेदी की ओर से यह पत्र याचिका एक्टिंग चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर को भेजी गई है। यह लेटर पिटीशन स्वदेश संस्था व प्रयाग लीगल एंड क्लीनिक की ओर से दाखिल की गई है. याचिका में प्रिंसिपल सेक्रेट्री होम, कमिश्नर कानपुर, डीएम क्ष्कानपुर देहात, एसडीएम मैथा कानपुर देहात, एसपी कानपुर देहात, थाना प्रभारी मैथा कानपुर देहात, लेखपाल ग्राम चलहा को पक्षकार बनाया गया है। कोर्ट अगर लेटर पिटिशन को सुनवाई के लिए मंजूर करता है तो इस पर जल्द सुनवाई हो सकती है। बता दें कि इस घटना में छप्पर के साथ कृष्ण गोपाल की पत्नी प्रमिला और उनकी बेटी नेहा जिंदा जल गईं थीं, जिससे उनकी मौत हो गयी। झुलसे कृष्ण गोपाल का इलाज चल रहा है। उनके बेटे शिवम दीक्षित की तहरीर पर एसडीएम, एसओ व लेखपाल समेत 39 लोगों के खिलाफ हत्या समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है. इस घटना को लेकर प्रदेश सरकार लगातार मुख्य विपक्षी सपा के निशाने पर है।

# पाक्सो एक्टः दोषी आशीष पटेल को 10 वर्ष की कैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** 3 वर्ष पूर्व 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी आशीष पटेल को 10 वर्ष की कैद



एवं 30 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की समूची धनराशि 30 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी।अभियोजन पक्ष के मुताबिक शाहगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 14 मई 2020 को शाहगंज थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ तीन माह पूर्व से डाभा गांव निवासी आशीष पटेल पुत्र राजबहादुर पटेल शादी का झांसा देकर उसके साथ बलात्कार करता रहा। बेटी को मोबाइल फोन भी दिया था जिससे वह बात करता था। इसकी जानकारी होने पर जब आशीष से शादी करने के लिए कहा तो उसने शादी करने से इंकार कर दिया। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में आशीष पटेल पुत्र राजबहादुर पटेल निवासी डाभा, थाना शाहगंज, जिला सोनभद्र के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी आशीष पटेल को 10 वर्ष की कैद एवं 40 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार हरदीप सिंह पुरी ने वर्चुवल माध्यम से 5 करोड़ 30 लाख लागत की 52 परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** प्रधानमंत्री जी के मुहिम के तहत सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास के तर्ज पर जनपद सोनभद्र का चैमुखी हो रहा है विकास-मंत्री हरदीप सिंह पुरी आकांक्षी जनपद की रैंकिंग में विकास के पथ पर 112 में से 5वें स्थान पर जनपद सोनभद्र को मिला



स्थान परियोजनाओं के निर्माण कार्य पूर्ण होने पर जनपद सोनभद्र के जनमानस को अनेक सुविधाओं का मिलेगा लाभ- मंत्री हरदीप सिंह पुरी आज कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्र सरकार के कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह पुरी (आवासन एवं शहरी कार्य तथा पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री भारत सरकार) ने वर्चुवल माध्यम से राज्य सभा सांसद निधि योजनान्तर्गत 5 करोड़ 30 लाख लागत की 52 परियोजनाओं का वर्चुवल माध्यम से शिलान्यास किया, इस दौरान मंत्री जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री जी के मुहिम के तहत सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास के तहत जनपद सोनभद्र का चैमुखी विकास हो रहा है। सोनभद्र के विकास यात्रा की सफलता इस बात में दिखायी पड़ती है कि जनवरी,2018 से दिसम्बर, 2020 के बीच एडवेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम के ओवर आल प्रदर्शन में नीति आयोग ने सोनभद्र को 112 जिलों में टॉप 5 जिलों में जनपद सोनभद्र को स्थान दिया है, यह बहुत प्रसंशा की बात है कि सोनभद्र ने एजुकेशनल व फाइनेशियल क्षेत्र में खास प्रगति की है। उन्होंने कहा कि जनपद सोनभद्र को मेरे द्वारा 2018 से गोद लिया गया है, तब से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में जनपद के विकास से सम्बन्धित कार्य हो रहे हैं, इससे जनपद में शिक्षा, स्वास्थ्य व कृषि के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सुधार हुआ है और जनपद विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है, उन्होंने जनपद की रैंकिंग बेहतर होने पर और जनपद में विकास के दृष्टिगत कराये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के कुशल संचालन में जनपद में विकास कार्यों में तेजी आयी है, इस कार्य में मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इस दौरान जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपना देश भारत एक नये शक्तिशाली विकसित स्वर्णिम मार्ग पर अग्रसर है, जिसमें उत्तर प्रदेश एक ग्रोथ इंजन की भूमिका में है, इसी क्रम में आज मंत्री जी के संस्तुति पर विकास परियोजना का शिलान्यास किया गया, हम सभी के लिए यह बड़ी खुशी की बात है कि मंत्री जी ने अपने जन्म दिवस पर जनपद वासियों को सौगात दी है, जिसमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व नागरिक सुरक्षा को प्राथमिकता में रखते हुए जनपद को 500 लाख से अधिक धनराशि की विकास परियोजनाओं का तोहफा दिया जा रहा है, जिससे जनपद के विभिन्न क्षेत्रों का चैमुखी विकास होगा, उन्होंने कहा कि मंत्री जी द्वारा कोरोना जैसे संकट काल में भी अपनी निधि से जनपद में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए धनराशि प्रदान की गयी तथा स्वयं उपस्थित होकर एम्बुलेंस, आक्सीजन, सिलेण्डर, सेनिटाइजर एवं मास्क आदि का वितरण भी किया गया, जो मंत्री जी के जनपद के प्रति लगाव व संवेदनशीलता को दर्शाता है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने अपने सम्बोधन में कहा कि मंत्री जी द्वारा हाईमास्ट लाईट की स्थापना हेतु लगभग 2 करोड़ 66 लाख रूपये, विद्यालयों में शिक्षण कक्ष के निर्माण के लिए एक करोड़ रूपये, नगर पालिका परिषद सोनभद्र में बहुउद्देश्यी हाल के निर्माण के लिए 80 लाख रूपये सहित विभिन्न विकास परक परियोनाओं का शिलान्यास किया गया, जिसकी लागत लगभग 5 करोड़ 30 लाख रूपये है, जिससे जनपद के विभिन्न क्षेत्रों का विकास होगा। वर्चुवल कार्यक्रम के मौके पर जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, ईश्वरी प्रसाद टेकी वरिष्ठ सलाहकार, परियोजना अधिकारी आर0एस0 मौर्या, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# ट्रक के धक्के से तेंदुए की हुई मौत मचा हड़कंप



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** रेंज के सेंचुरी एरिया अंतर्गत मारकुंडी घाटी में बुधवार की देर शाम ट्रक की चपेट में आकर एक तेंदुआ की मौत हो गई।बताया जाता है कि मारकुंडी घाटी में ट्रक उतर रही थी इसी दौरान जंगल से निकलकर तेंदुआ घाटी पार करने लगा इसी दौरान उसे किसी ट्रक से धक्का लग गया जिससे उसकी मौत हो गई घटना की जानकारी होते ही आसपास के राहगीरों की भीड़ भीड़ मौके पर जमा हो गई बाद वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंचकर मृत तेंदुआ को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

# दिव्यांगजनो को आज डायड परिसर मे ८० निशुल्क मोटराईज्ड ट्राई साइकिल का वितरण किया हुआ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश संजीव कुमार गोड़ जी ने आज राबर्ट्सगंज के उरमौरा स्थित डायट परिसर में दिव्यांगजनों को 80 निःशुल्क मोटराईज्ड ट्राई साईकिल का



वितरण किया, इस दौरान उन्होंने आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों कहीं आने-जाने के लिए परेशानी न उठानी पड़े, इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा निःशुल्क मोटराईज्ड ट्राई साईकिल दिव्यांगजनों को देने की योजना बनायी है, जो आज यहां देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार आदिवासी, गरीब व पात्रों के विकास के लिए हर प्रयास कर रही है और आगे के विकास के लिए भी तत्पर है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार से जिले के और दिव्यांगजनों को चिन्हित कर, जो पात्र हैं, उनको भी निःशुल्क मोटराईज्ड ट्राई साईकिल दिया जायेगा, जिससे उनको कहीं आने-जाने में कठिनाइयों का सामना न करना पड़ें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पेंशन योजना, दिव्यांगजन पेंशन योजना सहित विभिन्न प्रकार के पेंशना योजना ऑनलाईन के माध्यम से संचालित हो रहा है, जिससे यहां के पात्र लोगो लाभान्वित भी हो रहे हैं। मंत्री जी ने कहा कि जिले का कोई भी नागरिक को किसी प्रकार की समस्या है, तो मेरे पास आकर अपनी समस्या कहा सकता है, जिसका समाधान भी कराया जायेगा। इस मौके पर जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने कहा कि आज दिव्यांगजजनों को निःशुल्क मोटराईज्ड ट्राई साईकिल का वितरण किया जा रहा है, यह इनके लिए एक आने-जाने के लिए बेहतर साधन है, इस तरह के कार्य के लिए सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के और भी दिव्यांगजनों का चिन्हीकरण किया जाये और पात्र पाये जाने पर उन्हें भी निःशुल्क मोटराईज्ड ट्राई साईकिल का वितरण किया जाये। कार्यक्रम का सफल संचालन ब्लाक प्रमुख राबर्ट्सगंज अजीत रावत जी द्वारा किया गया। इस मौके पर मा0 विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्य, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी श्रीमती विधा देवी, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव,खण्ड विकास अधिकारी उमेश सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रह।

# नगर क्षेत्र में एक खेल का मैदान दिए जाने की मांग को लेकर पैदल पदयात्रा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** डाला सोनभद्र स्थानीय नगर क्षेत्र में एक खेल का मैदान दिए जाने की मांग को लेकर 25



फरवरी दिन शनिवार को नगर के युवा डाला शहीद स्थल से पैदल पदयात्रा करके जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी महोदय को सौंपेंगे ज्ञापन।उक्त संबंध में डाला नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष अंशु पटेल के नेतृत्व में नगर के युवाओं ने आज बुधवार को उपजिलाधिकारी ओबरा को पत्रक सौंपा।दिए गए पत्रक में बताया कि अब तक निरंतर कई जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से हम युवाओं द्वारा डाला नगर में एक खेल मैदान दिए जाने की मांग को लेकर लिखित गुहार लगाई जा चुकी है किंतु अब तक सिवाए ऊपरी आश्वासन के हम युवाओं को कुछ नहीं मिला।सालों से हम डाला वासियों के पास कोई भी खेल का मैदान नहीं है,जिसके कारण नगर के सभी युवाओं,वयस्कों व बुजुर्गों के पास सुबह शाम व्यायाम करने,योग करने व वॉली बॉल,क्रिकेट, फुटबॉल आदि सभी प्रकार के खेल खेलने का कोई स्थाई स्थान नहीं है।इस कारण नगर में हमेशा अस्वस्थ सेहत का वातावरण बना रहता है।इस दौरान नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष अंशु पटेल ने बताया कि डाला नगर में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है यदि यहां के युवाओं को एक खेल का मैदान देकर थोड़ी सी व्यवस्था व सुविधा दे दी जाए तो निश्चित ही कुछ ही सालों में इनकी प्रतिभाएं देश-प्रदेश में अपना प्रकाश फैलाने लगेंगी।आजकल जो भी कुछ युवा नशाखोरी का शिकार हो गए हैं उन्हें भी खेल कूद के द्वारा नशे से दूर किया जा सकता है।जब वे नियम से खेलेंगे-कूदेंगे-वर्जिश करेंगे तो निश्चित ही उनका ध्यान नशे की ओर ना जाकर उनके शारीरिक और मानसिक उत्थान की ओर जाएगा।दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि डाला नगर में एक खेल का मैदान दिए जाने की मांग को लेकर आने वाली 25 फरवरी दिन शनिवार को हम नगर के खिलाड़ियों/युवाओं द्वारा डाला शहीद स्थल से पैदल पदयात्रा करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर श्रीमान जिलाधिकारी महोदय के समक्ष अपनी जनहित की मांग को रखा जाएगा व उन्हें लिखित आवेदन/ज्ञापन सौंपा जाएगा।इस दौरान डाला नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष अंशु पटेल,गोविंद भारद्वाज,राज्य स्तरीय वॉलीबॉल खिलाड़ी प्रशांत पाल,पूर्व पहलवान अवनीश देव पांडे,समशेर हुसैन,विनीत पांडे आदि मौजूद रहे।

# युवक के डाई पीते हुए सुसाइड अटेम्प्ट करने का वीडियो सोशल मीडिया में में हो रहा वायरल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**चित्रकूट।** युवक का सोशल मीडिया में डाई पीते हुए खुदकुशी करने की कोशिश का वीडियो वायरल,चित्रकूट वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद पति पर लगाया है प्रताड़ना का आरोप, जबरन चोरी का आरोप लगा रहा था पार्षद पति नगदी और सोने की चेन की चोरी का लगाया है आरोप, वार्ड क्रमांक 13 पार्षद पति राजेश ने कई बार



पीटा भी है पीड़ित को, आहत होकर युवक ने डाई पी सोशल मीडिया में वायरल हुआ वीडियो ,चित्रकूट थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर का मामला बताया जा रहा है मामला। यह वीडियो भी आज का ही बताया जा रहा है और युवक की हालत काफी सीरियस बताई जा रही है हालांकि सूचना पर मौके पर हंड्रेड डायल पुलिस पहुंची है।।

# कोटा खास में पीडब्लूडी द्वारा कवर्ड नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** विकास खण्ड चोपन अंतर्गत ग्राम पंचायत - कोटा खास में पीडब्लूडी द्वारा कवर्ड नाली का




निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें अनियमिता को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताना सुरु कर दिया । प्राप्त जानकारी के मुताबिक आज बुधवार को शुबह विकास खंड चोपन अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटा खास में कनहर नदी से कोटा खास बस स्टैंड तक लगभग एक-एक किलोमीटर तक का कवर्ड नाली निर्माण करवाया जा रहा है जिसमें ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री के साथ सरिया की मात्रा मानक के विपरित एवं बालू के बिना ही केवल गिट्टी भस्सी घटिया सीमेंट से मिक्स कर कवर्ड नाली का निर्माण करवाया जा रहा है जिसको देख रहवासियों ने जब इसका विरोध किया तो ठेकेदार ने कार्य को बंद कर वहा से भाग चले।जहां एक तरफ सरकार सड़क के अनेकों योजनाएं विकास कार्य को आगे बढ़ाने के प्रयास में कोई कसर नहीं छोड़ रही है वहीं सरकार के मंसूबों पर ठेकेदारो ने संबंधित विभाग के अधिकारियों के मिलीभगत के सहयोग के सहारे सरकार की छवि धूमिल करने के साथ अपनी जेब भरने में लिप्त हैं ।इस सम्बंध में पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अधिकारी अनिल शर्मा ने बताया कि नाली मानक के बिपरीत बनाई जा रही है। उसे तोड़ कर जितना खराब है पुनः निर्माण कराया जायेगा। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही होगी। इस दौरान पवन त्रिपाठी, निर्भय चौधरी,छोटू जयसवाल, धीरेन्द्र जयसवाल, जितेन्द्र जयसवाल उर्फ बुचचू , निखिल जयसवाल, शशी, अखिलेश कुमार, आदि ग्रामीण शामिल रहे।

# विद्यालय में पढ़ाई के दौरान बंद रखें खेल मैदान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** विकास खंड छानबे के कलना गहरवार में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस व ग्राम प्रधान शांती देवी ने फीता काटकर खेल मैदान का उद्घाटन किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यह खेल मैदान छानबे क्षेत्र के साथ ही जिले का भी प्रथम खेल मैदान है, जो समय से तैयार हो गया है। उन्होंने प्रधान व ब्लॉक में तैनात अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल मैदान में का उपयोग करने वाले युवा बाहर आयोजित होने वाले प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर इस खेल मैदान का भी नाम रोशन करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को स्कूल में कक्षाएं चलने के दौरान खेल मैदान बंद रखने तथा कम से कम दो सोलर लाइट लगवाने का निर्देश दिया। उन्होंने सरकारी जमीन की नापी कराकर पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय व खेल मैदान की चहारदीवारी बनवाने का भी निर्देश दिया। इस दौरान वॉलीबाल खेल शुरू करने के लिए टास व बाल फेंक कर खेल का उन्होंने शुभारंभ भी किया।

# बड़े ही हरसोल्लास के साथ सरस्वती पूजन व विदाई समारोह मनाया जे एस पी महाविद्यालय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** विकास खण्ड करमा के अंतर्गत कसया कला में संचालित जे एस पी महाविद्यालय, इंद्र प्रताप बिटीसी कालेज, सरदार वल्लभ भाई पटेल आई टी आई कालेज, पारस सिह कॉलेज ऑफ फार्मेसी, प्रबंधनिदेशक डॉ प्रसन्न पटेल व डायरेक्टर ममता सिंह, संस्थापक बाबू पारस नाथ सिंह, डॉ संजय कुमार सिंह प्राचार्य डॉ मनोज कुमार मिश्रा प्रवक्ता हंस वाहिनी इण्टर मीडिएटर कॉलेज कसया कला,मुस्तकीम अहमद प्रवक्ता माँ विंध्यवासिनी इण्टर कालेज पापी, राजेश कुमार, शैलेन्द्र कुमार मौर्य अधीक्षक माँ विंध्यवासिनी इण्टर कालेज , मुन्ना, विरेन्द्र कुमार यादव प्रवक्ता,रमेश कुमार मौर्य, के जे एस पी महाविद्यालय में सरस्वती पूजन व 2022 -23 में बी ए तृतीय वर्ष के छात्र छात्राओं कि महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा विदाई समारोह में सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया,प्रबंधनिदेशक डॉ प्रसन्न पटेल



ने छात्रों को मन लगाकर परीक्षा देने के लिए उनके जीवन में एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए शपथ दिलाई और सभी आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया संचालन कालेज के छात्र छात्राओं ने की इस अवसर पर चिफप्राक्टर डॉ रतन लाल सिंह, सत्य प्रकाश गौतम अधीक्षक पारस सिंह कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी, दिलीप पटेल अधीक्षक सरदार वल्लभ भाई पटेल आई टी आई ,जी एम सिंह( गवर्नमेंट सिंह) अधीक्षक इन्द्र प्रताप बिटीसी कॉलेज, प्रोफेशर दिलीप कुमार, प्रोफेशर मधुसुदन गुप्ता, प्रोफेसर प्रदीप कुमार,प्रोफेसर लक्मी रमण पाठक, प्रोफेसर अजित कुमार मौर्य, इंजीनियर अमन सिंह, शिखा सिंह, मंजू देवी, राजकुमार, विकाश मेहता, अभिमन्यू सिंह, अधीक्षक जे एस पी महाविद्यालय,व कार्यालय अधीक्षक जयप्रकाश वर्मा के साथ सभी संस्थान के छात्र छात्राओ के साथ काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।सोनभद्र से जयप्रकाश वर्मा।

# टीम इंडिया सभी प्रारूपों में बनी नंबर-1 , भारतीय क्रिकेट इतिहास में पहली बार हुआ ये कारनामा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने बुधवार को आईसीसी द्वारा जारी ताजा टेस्ट टीम रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करके इतिहास रच दिया है। भारतीय टीम क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में नंबर-1 टीम बन गई है। इससे पहले 'मेन इन ब्ल्यू' वनडे और टी20 इंटरनेशनल प्रारूप में शीर्ष स्थान पर काबिज थी। भारतीय क्रिकेट इतिहास में यह पहला मौका है जब राष्ट्रीय टीम तीनों प्रारूपों में एकसाथ शीर्ष पर काबिज हो।भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हाल ही में नागपुर टेस्ट खत्म हुआ, जिसके बाद आईसीसी टेस्ट टीम रैंकिंग जारी हुई। इसमें भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय टीम के टेस्ट रैंकिंग में 115 रेटिंग है। वहीं ऑस्ट्रेलिया के 111 रेटिंग अंक है। टेस्ट टीम रैंकिंग में इंग्लैंड की टीम 106 रेटिंग के साथ तीसरे स्थान पर काबिज है। न्यूजीलैंड (100 रेटिंग) और दक्षिण अफ्रीका (85) क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर जमे हुए हैं। भारतीय फैंस के लिए बड़ी खुशी है कि राष्ट्रीय टीम खेल के तीनों प्रारूपों में नंबर-1 बन गई है। भारत पहले से वनडे और टी20 इंटरनेशनल प्रारूप में टॉप पर काबिज है। वनडे टीम रैंकिंग की बात करें तो भारत 114 रेटिंग के साथ शीर्ष पर काबिज है। ऑस्ट्रेलिया यहां भी 112 रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर काबिज है। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के संयुक्त रूप से 111 रेटिंग है और यह टीमें तीसरे व चौथे स्थान पर काबिज है। पाकिस्तान की टीम 106 रेटिंग के साथ पांचवें स्थान पर जमी हुई है। भारतीय टीम टी20 इंटरनेशनल टीम रैंकिंग में भी नंबर-1 पर काबिज है। भारतीय टीम के 267 रेटिंग प्वाइंट हैं। यहां भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप चैंपियन इंग्लैंड से केवल एक रेटिंग प्वाइंट आगे है। इंग्लैंड के 266 रेटिंग प्वाइंट हैं। पाकिस्तान की टीम 258 रेटिंग अंक के साथ तीसरे स्थान पर काबिज है। दक्षिण अफ्रीका (256) और न्यूजीलैंड (252) क्रमशः चौथे व पांचवें स्थान पर काबिज है।



# अब क्रिकेट में नई पारी खेलती नजर आएंगी स्मृति मंधाना संग निभाएंगी बड़ी जिम्मेदारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा अब क्रिकेट में अपनी नई पारी खेलती हुई नजर आएंगी। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने आगामी महिला प्रीमियर लीग के लिए भारतीय दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा को मेंटर नियुक्त किया है। सानिया मिर्जा ने अपने करियर में छह ग्रैंड स्लैम खिताब जीते। उन्होंने अपना आखिरी प्रमुख टूर्नामेंट 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन खेला था। सानिया ने वहां रोहन बोपन्ना के साथ मिश्रित युगत स्पर्धा में हिस्सा लिया और रनर्स-अप रहीं। बहरहाल, आरसीबी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के जरिये सानिया मिर्जा को मेंटर नियुक्त करने की घोषणा की।आरसीबी ने ट्वीट किया, 'जहां हमारा कोचिंग स्टाफ क्रिकेट के पक्ष की चीजों को संभालेगा, हम अपनी महिला क्रिकेटर्स को दबाव में बढ़ने के लिए किसी और बेहतर मार्गदर्शक के बारे में नहीं सोच सकते थे। हमारी महिला टीम की मेंटर का स्वागत करने के लिए हमारे साथ जुड़िए। एक चैंपियन एथलीट और ट्रेललेजर। नमकारा सानिया मिर्जा। आरसीबी महिला टीम की मेंटर बनने पर सानिया



मिर्जा ने कहा, 'आरसीबी महिला टीम के साथ बतौर मेंटर के रूप में जुड़ने से खुश हूं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम महिला प्रीमियर लीग के साथ बदलाव देखेगी और मैं इस क्रांतिकारी पिच का हिस्सा बनने पर ध्यान दे रही हूं। आरसीबी और इसकी ब्रांड की सोच मेरे दृष्टिकोण और आउटलुक से मेल खाती है और मैंने अपना करियर इसी तरह आगे बढ़ाया। यह भी बात है कि मेरे संन्यास के बाद खेल में किस तरह योगदान दे सकूं।भारतीय टेनिस स्टार ने आगे कहा, 'आरसीबी लोकप्रिय टीम है और आईपीएल में इतने सालों में उसकी फैन फॉलोइंग जबर्दस्त रही है। मुझे बहुत खुशी है कि महिला प्रीमियर लीग में टीम बनी और यह देश में महिला क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएगी। यह महिला क्रिकेटर्स के लिए नए दरवाजे खुले हैं और इससे लड़कियों को पहली करियर च्वाइस खेल बनेगी। लड़की के माता-पिता बेटी को खेल में आगे बढ़ने में बढ़ावा देंगे।' रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 13 फरवरी को संपन्न खिलाड़ियों की नीलामी में मजबूत स्क्वाड बनाया है। फ्रेंचाइजी ने भारतीय ओपनर स्मृति मंधाना, ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ऐलिसा पेरी, इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट, न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डेविन और अन्य खिलाड़ियों को खरीदा। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर महिला प्रीमियर लीग में अपने अभियान की शुरुआत 5 मार्च को मुंबई में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ करेगी।

# चेतन शर्मा ने स्टिंग आपरेशन में किए कई सनसनीखेज खुलासे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बीसीसीआइ के मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा ने एक स्टिंग आपरेशन में चयन से जुड़े मामलों का खुलासा कर विवाद को जन्म दे दिया है। टी-20 विश्व कप में भारत की हार के बाद चेतन को पद से हटा दिया गया था, हालांकि उन्हें बाद में बहाल कर दिया था। चेतन ने मंगलवार को एक चैनल पर स्टिंग आपरेशन में पूर्व कप्तान विराट कोहली पर कई आरोप लगाए। इस स्टिंग के सामने आने के बाद बीसीसीआइ भी हरकत में आ गया है और क्योंकि राष्ट्रीय चयनकर्ता अनुबंध से बंधे हैं और वह मीडिया में बात नहीं कर सकते हैं। बीसीसीआइ सूत्रों ने बताया कि चेतन का भविष्य अब क्या होगा। इस पर बोर्ड सचिव जय शाह फैसला करेंगे। चेतन ने स्टिंग में राहुल द्रविड़ और विराट के साथ आतंरिक चर्चाओं का कथित रूप से खुलासा किया। शर्मा ने आरोप लगाया कि खिलाड़ी खुद को फिट रखने के लिए इंजेक्शन लेते हैं। जसप्रीत बुमराह की टीम में वापसी को लेकर उनके और टीम प्रबंधन के बीच मतभेद हुए। चेतन ने यह भी खुलासा किया कि पूर्व बीसीसीआइ अध्यक्ष सौरव गांगुली और विराट के बीच अहंकार की लड़ाई थी। गांगुली ने कहीं बयान दिया कि विराट कोहली बात कर रहा था, हमसे कि मुझे कप्तानी छोड़नी है। वहीं दूसरी ओर विराट ने मीडिया में बोला कि मुझे कभी भी बीसीसीआइ अध्यक्ष ने ऐसा नहीं बोला। इससे विवाद पैदा हुआ। लेकिन यह सच है कि गांगुली ने विराट को बोला था, लेकिन शायद वो वीडियो कांफ्रेंसिंग में विराट ने नहीं सुना। वहां नौ लोग बैठे थे। उसमें मैं और अन्य चयनकर्ता भी थे। या तो विराट ने सुना नहीं या विराट ने क्या बोला मुझे नहीं पता।



# इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले कीवी टीम को लगा डबल झटका

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के विरुद्ध गुरुवार से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज से पहले मेजबान न्यूजीलैंड की टीम को बड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और



मैट हेनरी पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। जैमसीन पीठ में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' के कारण पहला टेस्ट नहीं खेल पाएंगे। 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' आमतौर पर तब होता है किसी एक जगह की हड्डी पर लगातार दबाव बनता है। वहीं, मैट हेनरी अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए परिवार से साथ होने के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं है। इन दोनों की जगह नए गेंदबाज स्काट कुगलेइजन और जैकब डफी को टीम में शामिल किया गया है। जैमीसन पिछले साल जून से इस चोट के कारण टीम से बाहर चल रहे थे। वह पिछले सप्ताह दो दिवसीय अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड एकादश के लिए मैदान पर उतरे थे लेकिन उनकी चोट फिर से उभर आई। 'काइल के लिए ऐसा होना वास्तव में बहुत ही निराशाजनक है, क्योंकि उसने वापसी के लिए कड़ी मेहनत की थी। जून में चोटिल होने के बाद से वह चिकित्सा दल की निगरानी में थे।उन्होंने कहा, ''काइल को कोई दर्द नहीं हो रहा था लेकिन स्कैन (जांच) में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' दिख रहा था। शुक्रवार को एक और जांच के बाद हम चोट की गंभीरता को देखते हुए आगे के बारे में सोचेंगे।

# केप टाउन की पिच से किसे मिलेगी मदद जानें कैसा होगा मौसम का हाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच आज केप टाउन के न्यूलैंड्स स्टेडियम पर महिला टी20 वर्ल्ड कप 2023 का मुकाबला खेला जाएगा। विस्फोटक ओपनर स्मृति मंधाना की वापसी से भारतीय टीम के हौसले बुलंद हैं। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात विकेट से रौंदा था। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली भारतीय टीम बुधवार को कैरेबियाई टीम के खिलाफ अपनी विजयी लय बरकरार रखने के इरादे से मैदान संभालेगी। वहीं हेली मैथ्यूज के नेतृत्व वाली वेस्टइंडीज की टीम जीत की पटरी पर लौटने की कोशिश करेगी। कैरेबियाई टीम को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में इंग्लैंड के हाथों शिकस्त झेलनी पड़ी थी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच महिला टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में दो मुकाबले खेले गए हैं और दोनों टीमों ने एक-एक मैच जीता है। चलिए जानते हैं कि केप टाउन में होने वाले मैच में पिच से किसे मदद मिलेगी और यहां का मौसम क्या हाल बता रहा है। भारत और वेस्टइंडीज महिला के बीच मुकाबला न्यूलैंड्स स्टेडियम पर खेला जाएगा। यहां की पिच से स्पिनर्स को मदद मिलने की उम्मीद है। न्यूलैंड्स स्टेडियम पर पहली पारी का औसत स्कोर 149 रन है जबकि दूसरी पारी में यह गिरकर 141 पहुंच चुका है। स्पिनर्स यहां पर फायदा उठा सकते हैं। वैसे, यहां 29 टी20 मैच खेले गए हैं, जिसमें से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम केवल 9 बार जीतने में कामयाब हुई जबकि लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम ने 18 मैच जीते। इससे साबित होता है कि टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करना पसंद करेगी। केप टाउन में मौसम साफ रहेगा और ऐसे में भारत-वेस्टइंडीज के बीच रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है। यहां का तापमान 22 से 23 डिग्री सेलसियस रहने की उम्मीद है। यहां उमस 65 प्रतिशत तक रहने की उम्मीद है। केप टाउन के मौसम से साफ है कि यहां फैंस को पूरा मुकाबला देखने को मिलेगा और दोनों टीमें जीत के लिए अपना पूरा जोर लगाते हुए नजर आएंगी।



# बाबर आजम से नाराज होकर मो0 आमीर ने गुस्से में फेंकी गेंद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान सुपर लीग 2023 में मंगलवार को बाबर आजम के नेतृव वाली पेशावर जमी ने



रोमांचक मैच में कराची किंग्स को 2 रन से शिकस्त दी। पिछले साल कराची किंस का साथ छोड़ने वाले बाबर आजम पहली बार अपनी पुरानी टीम के खिलाफ मैच खेल रहे थे। बाबर आजम ने 40 गेंदों में 68 रन की पारी खेली। वहीं टॉम कोहलर कैडमोर ने केवल 50 गेंदों में 92 रन की तूफानी पारी खेली। पेशावर जल्मी ने इन बल्लेबाजों की पारियों की बदौलत 20 ओवर में 199/5 का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में किंग्स की टीम 2 रन से पीछे रह गई। किंग्स के लिए कप्तान इमाद वसीम (80) और शोएब मलिक (52) ने उम्दा पारियां खेली बता दें कि वसीम ने टॉस जीतकर पेशावर को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। मोहम्मद हैरिस ने आमिर की गेंद पर शानदार चौका जमाकर पारी की शुरुआत की। बाबर आजम ने भी आमिर के खिलाफ पहले ओवर में दमदार कवर ड्राइव लगाई। आमिर-बाबर का छठे ओवर में फिर आमना-सामना हुआ। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने बल्लेबाज के पैड लाइन पर गेंद डाली, जिस पर बाबर आजम ने आसान फ्लिक खेलकर बाउंड्री हासिल की। इससे आमिर गुस्से से भर गए। अगली ही गेंद पर बाबर आजम ने डिफेंस किया, जिस पर आमिर अपना गुस्सा नहीं दबा सके और बल्लेबाज की दिशा में थ्रो फेंक दिया। आमिर ने बाबर आजम को निशाना साधकर थ्रो नहीं किया क्योंकि गेंद विकेटकीपर ने पकड़ी। मगर यहां आमिर का गुस्सा स्पष्ट रूप से नजर आया। बहरहाल, आमिर के लिए मुकाबला अच्छा नहीं रहा और उन्होंने 4 ओवर में बिना कोई विकेट लिए 42 रन खर्च किए। पेशावर के लिए जेम्स नीशम ने चार ओवर में 26 रन देकर दो विकेट लिए और वो सबसे सफल गेंदबाज रहे।



# राशिफल



मेष-:आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आएगा. आपकी किसी मित्र के घर धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते है।

वृष-:आज का दिन व्यक्तिगत संबंधों में मजबूती लेकर आएगा. आपके अंदर कुछ एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप अपने संसाधनों के कामों पर भी ध्यान देंगे।

मिथुन-:आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार में मधुरता बनाए रखें, तभी आप कार्य क्षेत्र में लोगों से आसानी से काम निकाल पाएंगे।

कर्क-:आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है. आपकी करियर में कच्ची विरोध हो सकती है और आपको उन्नति करने का भी मौका मिलेगा।

सिंह-:आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. आपको अपने अनुभव का पूरा लाभ मिलेगा और प्रशासन के कार्य में आप तेजी बनाए रखें।

कन्या-:आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपकी आध्यात्मिक विषयों के प्रति रुचि बढ़ेगी और आप कुछ धार्मिक गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

तुला-:आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपका मान सम्मान बढ़ेगा और आप कुछ कामों में निसंकोच आगे बढ़ेंगे, जो आपके लिए समस्या दे सकते हैं।

वृश्चिक-:आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है. आपको एक से अधिक स्त्रोतों से लाभ लाभ मिल सकता है और साझेदारी में काम करके आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

धनु-:आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है, लेकिन यदि आपने किसी पर आंख मूंदकर भरोसा किया, तो वह आपको नुकसान दे सकता है।

मकर-: आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा. कार्यक्षेत्र में आपके कुछ शत्रु आपके ऊपर हावी होने की कोशिश करेंगे।

कुंभ-:आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। घर परिवार में आपकी सहजता बढ़ेगी. आपकी आज कोई मूल्यवान वस्तु चोरी हो सकती है, जिसके लिए आप सावधानी बरत।

मीन-:आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा. आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में लगे रहेंगे और कोई कानूनी मामला आज आपके लिए समस्या बन सकता हैं।






# भारत की वेस्टइंडीज से भिड़ंत, टीम को प्रमुख मैच विनर खिलाड़ी की वापसी का भरोसा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप में आज केप टाउन



में वेस्टइंडीज से भिड़ंत होगी। टीम इंडिया को भरोसा है कि उसकी प्रमुख महिला बल्लेबाज स्मृति मंधाना मैच खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगी। भारतीय कोच ट्रॉय कूली ने भी कहा कि स्मृति मंधाना संभवतः वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में हिस्सा लेंगी। याद दिला दें कि स्मृति मंधाना ने ऊंगली में चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में हिस्सा नहीं लिया था। बाएं हाथ की बल्लेबाज को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच में ऊंगली में चोट लगी थी, जिसके बाद वो बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे अभ्यास मैच से बाहर हो गईं थीं।भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच से पहले स्मृति मंधाना की प्रगति पर खुशी जताई। कोच कूली के हवाले से कहा गया, 'हां, स्मृति मंधाना कड़ी मेहनत कर रही है। उनकी स्थिति पर ध्यान दिया जाएगा। उसे जो भी करने की जरुरत थी, उसने करके दिखाया। हमें विश्वास है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच तक वो फिट हो जाएंगी।' बता दें कि भारतीय टीम ग्रुप बी में पाकिस्तान पर विशाल जीत के बाद दूसरे स्थान पर काबिज है। जेमिमा रॉड्रिग्ज को पाकिस्तान के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था, जिन्होंने 38 गेंदों में 8 चौके की मदद से नाबाद 53 रन की मैच विजयी पारी खेली थी।

# स्मृति मंधाना की वापसी पर किसका कटेगा पत्ता भारत की संभावित प्लेइंग 11

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने महिला टी20 वर्ल्ड कप 2023 के अपने पहले मैच में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को मात के कोच ने पुष्टि कर दी है कि स्मृति मंधाना वापसी के लिए तैयार हैं। मंधाना की वापसी का मतलब है कि वो पारी की शुरुआत करेंगी। ऐसे में यस्तिका भाटिया को बाहर



दी और अब उसकी कोशिश वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी विजयी लय बरकरार रखने की होगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को एक ओवर शेष रहते सात विकेट से पटखनी दी और अपने खाते में दो अंक जोड़े। इंग्लैंड की टीम चार अंक के साथ ग्रुप-2 में शीर्ष पर है और भारतीय टीम आज का मैच जीतकर शीर्ष स्थान हासिल करना चाहेगी। चलिए जानते हैं कि भारतीय टीम बुधवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ किन 11 खिलाड़ियों के साथ मैदान संभाल सकती है। भारतीय टीम बैठना पड़ सकता है क्योंकि वो मिडिल ऑर्डर में सेट नहीं होती हैं। भारतीय टीम स्मृति और शेफाली वर्मा की जोड़ी के साथ खेलना पसंद करेगी। भारतीय टीम को पाकिस्तान पर जीत दिलाने वाली जेमिमा रॉड्रिग्ज का तीसरे नंबर पर खेलना तय है। कप्तान हरमनप्रीत कौर चौथे नंबर पर खेलना बरकरार रखेंगी। हरलीन देओल को पाकिस्तान के खिलाफ बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला और उन्हें ऐसे में एक और मिलने की संभावना मजबूत है।

## सम्पादकीय

# यह पहली नजीर नहीं, पर 'नैतिक नजीर' की अपेक्षा जरूर करती है

13 राज्यपालों को बदला और नियुक्त किया है, उनमें सबसे ज्यादा चर्चा सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस एस. अब्दुल नजीर की है। मूलतः कर्नाटक के रहने वाले जस्टिस नजीर पिछले माह 4 जनवरी को ही रिटायर हुए थे और करीब एक महीने बाद ही उन्हें सरकार ने आंध्र प्रदेश जैसे बड़े राज्य का राज्यपाल नियुक्त कर दिया। 1997 में तत्कालीन देवेगौड़ा सरकार की सिफारिश पर सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जस्टिस रही फातिमा बीवी को तमिलनाडु का तथा जम्मू-कश्मीर राज्य के पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुखदेव सिंह कंग को केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। खास बात यह है कि जस्टिस नजीर, राम जन्मभूमि केस में सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ के सदस्य रहे हैं, पीठ ने 9 नवंबर 2019 को अयोध्या में विवादित भूमि को राम जन्मभूमि ट्रस्ट को सौंपने का ऐतिहासिक फैसला दिया था। यही नहीं, जस्टिस नजीर, मोदी सरकार के नोटबंदी के फैसले को सही ठहराने वाली बेंच का भी हिस्सा थे। साथ ही सुप्रीम कोर्ट की जिस बेंच ने तीन तलाक को अवैध ठहराया था, उसमें भी जस्टिस नजीर शामिल थे। ये वो फैसले हैं, जो सरकार के पक्ष में रहे हैं। वैसे किसी पूर्व न्यायाधीश को राज्यपाल या सांसद बनाए जाने का यह कोई पहला मामला नहीं है। सबसे पहले तत्कालीन जवाहर लाल नेहरू सरकार ने 1952 में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश रहे जस्टिस सैयद फजल अली को पहले ओडिशा और बाद में असम का राज्यपाल नियुक्त किया था। तब इसका कोई खास विरोध नहीं हुआ था। लेकिन बाद के वर्षों में रिटायर्ड न्यायाधीशों को ज्यादातर आयोग, ट्रिब्यूनलों में नियुक्त किया जाता रहा। पहले भी हो चुकी हैं ऐसी नियुक्तियां 1997 में तत्कालीन देवेगौड़ा सरकार की सिफारिश पर सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जस्टिस रहीं फातिमा बीवी को तमिलनाडु का तथा जम्मू-कश्मीर राज्य के पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुखदेव सिंह कंग को केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। हालांकि, फातिमा बीवी को एआईएडीएमके नेता जयललिता को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाने के विवाद के बाद राज्यपाल पद से इस्तीफा देना पड़ा था। मजे की बात यह है कि उस वक्त अटल सरकार में मंत्री रहे अरुण जेटली ने पूर्व न्यायाधीशों को राज्यपाल बनाए जाने की आलोचना की थी, लेकिन 2014 में केन्द्र में सत्ता में आने के बाद मोदी सरकार और भाजपा ने उसी परंपरा को आगे बढ़ाना शुरू किया। साल 2014 में ही सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड चीफ जस्टिस पी. सदाशिवम को केरल का राज्यपाल नियुक्त किया, जबकि सुप्रीम कोर्ट से रिटायर होने के बाद जस्टिस सदाशिवम अपने गांव लौट गए थे। उस वक्त 'न्यायपालिका की स्वतंत्रता' का मुद्दा जोरशोर से उठा था। हालांकि, सदाशिवम द्वारा दिए गए फैसलों पर कोई उंगली नहीं उठी, लेकिन यह सवाल शिद्दत से उठा कि क्या पूर्व न्यायाधीशों को इस तरह राजनीतिक नियुक्तियां स्वीकार करनी चाहिए और क्या सरकार ऐसा करके न्यायपालिका को क्या संदेश देना चाहती है संवैधानिक दृष्टि से पूर्व जजों के राजनीतिक पुनर्वास पर कोई रोक नहीं है। लेकिन यह संवैधानिकता से ज्यादा नैतिकता का प्रश्न है। क्योंकि रिटायर्ड जजों को राजनीतिक नियुक्ति देना अथवा अन्य किसी लाभ के पद से नवाजा जाना अदालत में बतौर जज उनके द्वारा दिए जाने वाले फैसलों की निष्पक्षता अथवा पूर्वापेक्षा पर कहीं न कहीं सवाल खड़े करता है। रिटायरमेंट के बाद लाभ के पद पर तैनाती से जज द्वारा अपने कार्यकाल में दिए गए कानूनी फैसलों से यह ध्वनि निकल सकती है कि उसने संबंधित मामले में फैसला इस प्रत्याशा में दिया कि इसके बदले में भविष्य में उसे कुछ लाभ मिलेगा। यह भी संदेश जा सकता है कि चूंकि संबंधित जज ने सरकार के पक्ष में अथवा किसी विशिष्ट राजनीतिक विचारधारा को लाभ पहुंचाने वाला फैसला दिया, इसलिए उसकी ऐवज में सरकार ने पूर्व जज को लाभ का पद देकर उपकृत किया।जस्टिस नजीर के संदर्भ में यह सवाल शिद्दत से इसलिए उठ रहा है, क्योंकि राम जन्मभूमि मामले में फैसला देने वाली पांच जजों की संवैधानिक पीठ में से तीन जजों का पुनर्वास मोदी सरकार ने कर दिया है। उन पांच जजों में से एक तो अभी देश के प्रधान न्यायाधीश हैं ही। राम जन्मभूमि मामले में ऐतिहासिक फैसला देने वाली संविधान पीठ के अध्याक्ष रहे तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई को सरकार ने पद से रिटायर होते ही तुरंत राज्यसभा का सदस्य नामित कर दिया। जस्टिस गोगोई ने कई ऐसे फैसले दिए, जिनमें सरकार के पक्ष को उचित माना गया।

# सोशल मीडिया पर छाई बाड़मेर की बेटी, क्रिकेट प्रतिभा के मुरीद हुए सचिन

मूमल का एक वीडियो जमकर शेयर किया जा रहा है, जिसमें वह नंगे पैर क्रिकेट खेलती और चौक्के-छक्के लगाती नजर आ रही है। जबरदस्त शॉट लगा रही मूमल का यह वीडियो क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर



ने भी ट्वीट किया और लिखा- उन्हें बच्ची की बैटिंग देखकर वाकई मजा आया। मूमल का वीडियो वायरल होने के बाद कुछ स्थानीय नेताओं ने उसे क्रिकेट किट उपलब्ध करा दी है, लेकिन मूमल को अब राहुल गांधी के ट्वीट का इंतजार है, ताकि राजस्थान सरकार उसे वही सुविधाएं दिलवाए, जो पिछले साल जुलाई में राजस्थान के ही 16 वर्षीय गेंदबाज भरत सिंह को मिली हैं। 14 वर्षीय मूमल मेहर बाड़मेर जिले के शिव शेरपुरा कानासर गांव की रहने वाली है और सरकारी विद्यालय में 8वीं की छात्रा है। मूमल के पिता एक किसान हैं और घर की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। मूमल के अलावा घर में उसकी सात बहनें और दो भाई हैं, लेकिन क्रिकेट को लेकर उसका जुनून ऐसा है कि वह मां का घर में हाथ बंटाने के अलावा परिवार की बकरी चराकर मदद करती है और रोजाना 4 घंटे क्रिकेट की प्रेक्टिस भी करती है। दो दिन पहले जैसे ही मूमल का वीडियो सोशल मीडिया पर आया तो भाजपा के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया से लेकर केंद्र सरकार में मंत्री कैलाश चौधरी, जो बाड़मेर से सांसद भी हैं, दिल्ली की महिला आयोग की प्रमुख स्वाति मालीवाल, भाजपा के पाली सांसद पीपी चौधरी समेत अनेक नेताओं ने मूमल का वीडियो शेयर किया। यहां तक की सतीश पूनिया ने फोन पर मूमल से बातचीत की और उसे यह तक वादा कर दिया कि क्रिकेट पिच सहित विभिन्न संसाधनों को लेकर वह विधानसभा में मांग उठाएंगे। जितनी हो सके, उसकी मदद करेंगे। सतीश पूनिया ने क्रिकेट किट भी मूमल के लिए भिजवाया।

# वैश्विक मंच पर भारत की मजबूती से ही देश की भाषाओं को मिलेगा सम्मान

बारहवां विश्व हिंदी सम्मेलन फिजी के नांदी शहर में आयोजित हो रहा है। पहला विश्व हिंदी सम्मेलन नागपुर में 1975 में आयोजित किया गया था, जिसमें 30 देशों के प्रतिनिधि जुड़े थे। जहां तक विश्व भाषा के रूप में हिंदी की बात है तो 10 जून, 2022 हिंदी सहित भारतीय भाषाओं के लिए एक ऐतिहासिक दिन साबित हुआ। इस दिन संयुक्त राष्ट्र महासभा में पारित बहुभाषावाद संबंधी एक प्रस्ताव में पहली बार हिंदी भाषा का उल्लेख हुआ। प्रस्ताव में बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषाओं के अतिरिक्त हिंदी, बांग्ला, उर्दू, पुर्तगाली, स्वाहिली और फारसी को संयुक्त राष्ट्र की सहकारी कामकाज की भाषा के रूप में स्वीकार किया गया। यह संयुक्त राष्ट्र के कामकाज के तरीके में बड़े परिवर्तन का संकेत है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की छह आधिकारिक भाषाएं हैं। इनमें अरबी, चीनी (मंदारिन), अंग्रेजी, फ्रेंच, रूसी और स्पेनिश शामिल हैं, किंतु संयुक्त राष्ट्र सचिवालय के कामकाज की दो ही भाषाएं हैं- अंग्रेजी और फ्रेंच। बहुभाषावाद को संयुक्त राष्ट्र के बुनियादी मूल्यों में गिना जाता है। इस संदर्भ में एक फरवरी, 1946 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के पहले सत्र में अपनाए गए सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 13(1) का उल्लेख आवश्यक है। इसमें कहा गया था कि संयुक्त राष्ट्र अपने उद्देश्यों को तब तक प्राप्त नहीं कर सकता, जब तक कि दुनिया के लोगों को इसके उद्देश्यों और गतिविधियों के बारे में पूरी जानकारी न हो।भारत इस उद्देश्य की प्राप्ति की राह में संयुक्त राष्ट्र के साथ खड़ा है। 2018 से ही भारत संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक संचार विभाग के साथ साझेदारी कर रहा है, जिसका लक्ष्य हिंदी भाषा में संयुक्त राष्ट्र की पहुंच को बढ़ाना और दुनिया भर में हिंदी बोलने वाले लोगों को जोड़ना है। संयुक्त राष्ट्र की वेबसाइट और इसके इंटरनेट मीडिया खातों के माध्यम से हिंदी में संयुक्त राष्ट्र के समाचार पहले से ही प्रसारित किए जा रहे हैं। यह भी एक तथ्य है कि हिंदी, बांग्ला और उर्दू बोलने वालों की कुल संख्या मंदारिन बोलने वालों से अधिक है। इन भारतीय भाषाओं को स्वीकार करने से संयुक्त राष्ट्र की पहुंच एक अरब आबादी तक सीधे बन गई है, लेकिन ध्यान रहे कि केवल संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषा होने से भारतीय भाषाओं का प्रश्न हल नहीं होता है। हाल में संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबूधाबी ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए अरबी और अंग्रेजी के बाद हिंदी को अपनी अदालतों में तीसरी आधिकारिक भाषा के रूप में शामिल किया है। यह विश्व में हिंदी को मिल रहे सम्मान की एक और मिसाल है। हिंदी दुनिया में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। फिजी में भी हिंदी को आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया गया है। नेपाल, मारीशस, त्रिनिदाद एवं टोबैगो और सूरीनाम जैसे देशों में भी हिंदी प्रमुखता से बोली जाती है। हिंदी को विश्व भर में लोकप्रिय बनाने और उसे संयुक्त राष्ट्र की एक आधिकारिक भाषा के तौर पर स्वीकार किए जाने की दिशा में प्रयास भी जारी हैं। इस संबंध में पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज का एक वक्तव्य महत्वपूर्ण है। संसद में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा था कि संयुक्त राष्ट्र में हिंदी को एक आधिकारिक भाषा बनाने में सबसे बड़ी समस्या संयुक्त राष्ट्र के नियम हैं। संयुक्त राष्ट्र के नियम के अनुसार संगठन के 193 सदस्य देशों के दो तिहाई सदस्यों यानी 129 देशों को हिंदी के लिए वोट करना होगा और इसकी प्रक्रिया के लिए वित्तीय लागत भी साझा करनी होगी। इस वजह से हिंदी को समर्थन करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर देश इस प्रक्रिया से दूर भागते हैं। भारत सरकार इस संबंध में फिजी, मारीशस और सूरीनाम जैसे देशों से समर्थन लेने की कोशिश कर रही है, जहां बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। जब भारत को इस तरह का समर्थन मिलेगा और समर्थन करने वाले देश वित्तीय बोझ को भी सहने के लिए तैयार हो जाएंगे, तब हिंदी संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषा बन जाएगी। इन सभी विसंगतियों के बीच 2014 के बाद मोदी सरकार ने वैश्विक स्तर पर हिंदी को पहचान दिलाई है। कई अवसरों पर भारतीय नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में अपने वक्तव्य दिए हैं। विश्व मंच पर भारत जितना मजबूत होगा, भारत की भाषाएं भी उतनी ही मुखरता से वैश्विक कार्यव्यवहार, व्यापार और राजनय की भाषा के रूप में उभरेंगी। आज संसद के दोनों सदनों में हिंदी में कामकाज का प्रतिशत बढ़ा है। हिंदीतर भाषाभाषी राज्यों के सांसद संसद में अंग्रेजी के बजाय हिंदी में चर्चा को प्रधानता देते हैं। भारत सरकार के विदेशी दौरे में जाने वाले प्रतिनिधिमंडलों में भी हिंदी में बातचीत की प्रवृत्ति बढ़ी है। अमेरिका की सरकार ने अपने विदेश मंत्रालय की वेबसाइट का हिंदी अनुवाद प्रारंभ किया है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने हिंदी में याचिका स्वीकार करना प्रारंभ किया है। देश की प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी संस्थाओं आइआइटी, एनआइटी आदि में हिंदी सहित भारतीय भाषाओं के माध्यम से पढ़ाई प्रारंभ हुई है। 15 अगस्त, 2022 को लालकिले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता के अमृतकाल के दौरान हर भारतीय को पांच प्रण लेने का आह्वान किया, जिनमें एक यह भी था कि दासता का कोई चिह्न नहीं रहने देंगे। अगर अंग्रेज शासकों की भाषा अंग्रेजी जारी रहती है तो दासता के भाव से मुक्ति संभव नहीं है। ज्ञान-विज्ञान, अनुसंधान एवं प्रशासन की भाषा, न्याय, शासन और संचार की भाषा अंग्रेजी ही बनी रहती है तो औपनिवेशिक दासता कायम ही रहेगी। पराई भाषा में स्वराज और स्वबोध का वास्तविक रूप में मूर्त होना संभव नहीं है। इसके लिए देश को स्वभाषा को स्वीकार करना पड़ेगा। अपनी सांस्कृतिक भूमि की निर्मिति केवल स्वभाषा से ही संभव है। हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में कामकाज, विचार-विमर्श गुलामी के सभी दृश्य-अदृश्य बिंबों को मुक्त कर सकता है। भारतीय मेधा को समीक्षात्मक मेधा और सृजनात्मक कल्पना से भर सकता है।




# कैदियों की सुध लेती सरकार; जेलों का मजबूत और मानवीय, दोनों ही बने रहना अत्यंत आवश्यक

भारतीय जेलों के लिए एक अच्छी खबर आई है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बार आम बजट में देश के गरीब कैदियों के लिए विशेष एलान किया है। उन्होंने जेलों में बंद गरीब कैदियों पर लगाए गए जुर्माने और जमानत पर आने वाली लागत का पैसा सरकार की तरफ से दिए जाने की घोषणा की है। वित्त मंत्री के अनुसार, जेलों में बंद गरीब कैदियों को जमानत लेने के लिए जो भी खर्च करना होगा, उसे सरकार वहन करेगी। यह महत्वपूर्ण है कि देर से ही सही, सरकार ने जेलों में बड़ी संख्या में बंद गरीब कैदियों का खास ध्यान रखा। स्मरण रहे कि देश भर की जेलों में ऐसे हजारों कैदी बंद हैं, जिनके पास जमानत लेने के लिए या उन पर लगाए गए जुर्माने की राशि चुकाने के लिए पैसे नहीं हैं, जबकि उनकी कैद की अवधि या तो पूरी हो चुकी है या फिर वे विचाराधीन हैं। इससे बेहतर और कुछ नहीं कि ऐसे कैदियों के लिए भारत सरकार ने मदद का हाथ बढ़ाया। यह भी उल्लेखनीय है कि बजट के ठीक पहले दिल्ली में संपन्न हुई सभी राज्यों के पुलिस और अर्धसैनिक संगठनों के प्रमुखों की वार्षिक सुरक्षा बैठक में भी जेलों की स्थिति चर्चा में रही। हालांकि इस बात पर भी जोर रहा कि पुलिस छोटे अपराधों पर भी उतना ही ध्यान दे, जितना कि बड़े अपराधों पर, लेकिन साथ ही जेल में पहुंच चुके लोगों के लिए जेलों का मजबूत और मानवीय, दोनों ही बने रहना जरूरी है। बाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी जेलों के अच्छे कामों को बाहरी दुनिया से साझा करने पर जोर दिया। भारत की करीब 1,400 जेलों में संगठनात्मक और व्यावहारिक बदलाव की चर्चाओं के बीच नार्वे की राजधानी ओस्लो की जेल का जिक्र प्रासंगिक लगता है। इससे कई बातें सीखी जा सकती हैं। ओस्लो की यह जेल शहर के बीचों-बीच होते हुए भी कहीं से जेल का कोई आभास नहीं होने देती। जेल के मुख्य द्वार के सामने से रोजाना की तरह गाड़ियां आती-जाती हैं और लोग भी। जेल के मुख्य दरवाजे में काफी खुलापन है, भारतीय जेलों से बिल्कुल अलग। वहां की जेल में इस समय कुल 125 बंदी हैं और 108 का जेल स्टाफ यानी कि अनुपात तकरीबन बराबर। मुझे नहीं लगता कि भारत की किसी भी जेल में अमूमन ऐसा होता होगा। जेल के रिसेप्शन तक जाने के रास्ते में चार अलग-अलग रंगों की धारियां दिखाई देती हैं। जमीन पर रंगों के अलग-अलग संयोजन को देखकर यह समझ में आता है कि इसके पीछे कोई वजह है। जेल अधिकारी बताते हैं कि ये आपातकालीन धारियां हैं। पुलिस जिन लोगों को जेल तक लाती है और जो लोग जेल से रिहा हो जाते हैं, वे दोनों ही इसी हिस्से से गुजरते हैं। वहीं की जेल में कुल 11 यूनिट्स हैं। इनमें से एक यूनिट ड्रग्स से जुड़े हुए मामलों की है। नार्वे में जेल को फिंगल कहा जाता है। ओस्लो की वह जेल 1852 में बनी थी। इस समय वहां करीब 70 प्रतिशत बंदी ऐसे हैं, जो जेल में अपनी सजा भुगत रहे हैं और 30 प्रतिशत ऐसे हैं जो जेल के बाहर हैं और अपनी सजा का इंतजार कर रहे हैं। वे जेल के अंदर तब आएंगे, जब जेल के अंदर जगह होगी। इसे उनका 'वेटिंग पीरियड' कहा जाता है। यानी जेल में क्षमता से अधिक कैदियों की कोई समस्या वहां देखने को नहीं मिलती। इतना ही नहीं, आदतन अपराधियों को रिहा करने के समय इस बात का ध्यान रखा जाता है कि खुफिया एजेंसियां उन पर नजर रखें। ऐसे अपराधी को दो-तिहाई सजा पूरी कर लेने के बाद ही जेल से बाहर निकलने का मौका मिलता है, लेकिन अगर वे फिर से अपराध करते हैं तो उन्हें फिर से सजा हो जाती है। जेल में बंदियों के लिए यूनिफार्म का कोई प्रविधान नहीं है। आमतौर पर जेल में बंदी 140 दिन गुजारते हैं। विदेशी बंदियों के लिए कई बार मियाद बढ़ जाती है और वह तीन साल तक हो जाती है। किशोर अपराधी आमतौर पर एक दिन से ज्यादा समय के लिए जेल में नहीं रखे जाते। नार्वे की किसी भी जेल में महिलाओं और पुरुषों के साथ बच्चों के रहने की अनुमति नहीं है। ऐसा भारत में नहीं होता, भारत में मां और पिता अपने साथ चाहें तो छह साल की उम्र तक बच्चे को जेल में रख सकते हैं। इसी तरह नार्वे में फांसी का भी प्रविधान नहीं है। यही वजह है कि किसी भी जेल में फांसी घर नहीं पाया जाता। बंदियों द्वारा बनाए गए विभिन्न सामानों को बिक्री के लिए बाहर रखा जाता है। उससे जो संसाधन जुटते हैं, उन्हें जेल पर ही खर्च करके वहां सुविधाओं को बढ़ाने में मदद मिलती है। भारतीय जेलों के लिए विदेश की कई जेलों से सीखने के लिए अपार संभावनाएं हैं और वे भी हमसे कुछ सीख सकते हैं। यह सभी पक्षों के लिए लाभदायक होगा कि वे परस्पर अनुभवों पर गौर करें। नार्वे जैसे छोटे देश में लोगों में कानून के प्रति सम्मान है। वे सजा को गंभीरता से लेते हैं। उनकी जेलें भीड़ से बची हुई हैं, लेकिन जेल में खुली हवा में सांस लेने के लिए भी नियम और कायदे का पालन करना पड़ता है। भारत से विपरीत नार्वे की जेलों में संवाद की सुविधा सीमित है। वैसे अब भारत में जेलों को लेकर चर्चा होने लगी है, लेकिन इनकी गंभीरता और जेल को लेकर संजीदगी-दोनों मामलों में परिपक्वता आने में अभी समय लगेगा। जेलों की सेहत गरीब बंदियों की जमानत और उन पर हो रहे सम्मेलन भर से नहीं, बल्कि नीयत और ईमानदारी के भाव से ही सुधर सकेगी। यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि जेलों की दशा सुधारने के लिए बहुत कुछ किया जाना शेष है।



## संक्षिप्त समाचार

### आंध्र प्रदेश के पूर्व बीजेपी अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में बीजेपी के वरिष्ठ नेता और राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष कन्ना लक्ष्मी नारायण ने आज बीजेपी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने निवास स्थान गुंटूर में



अपने अनुयायियों से मुलाकात की। जिसके बाद उन्होंने संवाददाताओं से बीजेपी से नाता तोड़ लेने की घोषणा की थी। गुंटूर में अपने आवास पर इस्तीफे की घोषणा करते हुए लक्ष्मीनारायण ने कहा कि भले ही वह पार्टी से इस्तीफा दे रहे हों लेकिन वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत सम्मान करते हैं कन्ना लक्ष्मीनारायण ने बीजेपी से इस्तीफे की घोषणा करने की वजह को साफ तौर पर स्पष्ट किया है। उन्होंने यह कहा है कि वह पार्टी के स्थानीय नेतृत्व से खुश नहीं हैं। इसी कारण उन्होंने पार्टी का दामन छोड़ दिया है। कन्ना ने घोषणा करते हुए कहा कि राज्य के एक वरिष्ठ राजनीतिक नेता के रूप में, मैं पार्टी के स्थानीय मामलों के साथ तालमेल बिठाने में सक्षम नहीं हूं। इसलिए मैं भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं।

### 18 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से भारत लाए जाएंगे 12 चीतेः पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 18 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से 12 चीतों को लाया जाएगा। इसकी जानकारी केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने गुरुवार को दी है। महत्वाकांक्षी चीता पुनः परिचय कार्यक्रम के



तहत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर, 2022 को अपने 72 वें जन्मदिन पर मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से लाए गए 8 चीतों के पहले बैच जिसमें पांच मादा और तीन नर थे- को एक बाड़े में छोड़ा था।अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान में, कूनो में 8 चीते हर तीन-चार दिनों में एक शिकार को मार रहे हैं और स्वस्थ हैं उनमें से एक चीता अस्वस्थ थी क्योंकि उसका क्रिएटिनिन का स्तर बढ़ गया था। उन्होंने कहा कि इलाज के बाद वह ठीक हो गई है। बता दें कि भारत और दक्षिण अफ्रीका ने जनवरी में अफ्रीकी देश से चीतों के परिवहन और कूनो में उन्हें फिर से लाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। दुनिया के 7,000 चीतों में से अधिकांश दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया और बोत्सवाना में रहते हैं। नामीबिया में चीतों की दुनिया की सबसे बड़ी आबादी है।

### आदिवासी समुदाय से जुड़े आदि महोत्सव जैसे आयोजन देश के लिए हैं एक अभियान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में मेगा नेशनल ट्राइबल फेस्टिवल ठआदि महोत्सवठ का उद्घाटन किया। उन्होंने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा को भी पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा भी मौजूद रहे।

## केंद्रीय गृह मंत्री के आगमन पर मैहर में तैयार किया जा रहा नया हेलीपैड



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।**आगामी 24 फरवरी को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी का मैहर आगमन होने जा रहा है। इस उपरांत देवी जी बंधा बेरियल के पास नए हेलीपैड का निर्माण कार्य किया जा रहा है।हेलीपैड का निरीक्षण करने पहुंचे मैहर एसडीएम धर्मेंद्र मिश्रा तहसीलदार मानवेंद्र सिंह एसडीओपी लोकेश डावर मैहर थाना टी आई अनिमेष द्विवेदी मैहर नगर पालिका सीएमओ रवि गुप्ता पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों सहित मैहर का तमाम अमला रहा मौजूद।

## म.प्र. विधानसभा अध्यक्ष का मैहर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।**मध्यप्रदेश विधानसभा के का, महिलाओं का फाइनल मैच हरियाणा करनाल, और पुणे के



अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम एवं सतना सांसद गणेश सिंह का मैहर दीनदयाल कार्यालय पास हुआ भव्य स्वागत। जहां इस मौके पर भाजपा के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। तत्पश्चात आदर्श वॉलीबॉल क्लब मैहर द्वारा आयोजित अखिल भारतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट एमपी बिरला कप बीच प्रारंभ हुआ,इस बीच मुख्य अतिथि,विधानसभा अध्यक्ष गिरीस गोतम, सांसद सतना गणेश सिंह,संजय राय, बम बम महाराज, केसी जैन,गुड्डू चौरसिया,जीतू गोतम,पारसनाथ तिवारी सहित सभी कार्यकर्ता रहे मौजूद तत्पश्चात जगत जननी मां शारदा के दर्शन कर किए पूजन अर्चन और मैहर से हुए रवाना।

## रीवा में हवाईअड्डा में आधारशिला रखने पहुंचे शिवराज-सिंधिया, सीएम की घोषणा सिंगरौली से भोपाल तक बनेगा एक्सप्रेसव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मध्यप्रदेश।** रीवा को भी हवाई कनेक्टिवटी मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रीवा के चोरहटा में हवाई अड्डे का शिलान्यास किया। मध्यप्रदेश के रीवा को भी हवाई कनेक्टिवटी मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रीवा के चोरहटा में हवाई अड्डे का शिलान्यास किया। इस दौरान सीएम शिवराज ने सिंगरौली से भोपाल तक बनेगा एक्सप्रेसवे बनाने की घोषणा भी कर दी। बता दें कि बुधवार दोपहर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया रीवा पहुंचे। दोनों ने रीवा के चोरहटा में हवाई अड्डे की आधारशिला रखकर भूमि पूजन किया। बता दें कि रीवा में चोरहटा हवाई पट्टी के विस्तार को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा था, जिसके बाद बुधवार को केंद्रीय उड्डयन मंत्री



ज्योतिरादित्य सिंधिया ने चोरहटा में हवाई अड्डा बनाने की नई सौगात दी है। इसके लिए रीवा जिला प्रशासन द्वारा तक़रीबन 137 एकड़ भूमि का अधिग्रहण भी कर लिया गया है तथा अब रीवा में 239.95 करोड़ रुपये की लागत से नया एयरपोर्ट बनाने की तैयारी की जा रही है। सीएम शिवराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हृदय से धन्यवाद और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का अभिनंदन करता हूं। आज एक सपना साकार और संकल्प पूरा हो रहा है। आज केवल रीवा नहीं,संपूर्ण विंध्य और बघेलखण्ड विकास की ओर मध्य प्रदेश में रीवा जिले में हवाई अड्डे का निर्माण कार्य का भूमि पूजन करने आज 15 फरवरी 2023 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा केंद्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री श्री मंत ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा इसका शिलान्यास किया गया जिसमें बिसेष स्वागतकर्ता श्रेणी में एवं मंचासीन होने का सुअवसर प्राप्त हुआ जिनमे सतना जिले से कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया जिनमे सामिल रहे श्री कांत चतुर्वेदी प्रदेश कार्य समिति सदस्य मैहर,अंकित पाण्डेय टाऊजेट भाजपा मुख्यमंत्री जनकल्याण प्रकोष्ठ म.प्र.चित्रकूट विधानसभा सहित तमाम कार्यकर्ता रहे मौजूद।

## अखिल भारतबर्षीय ब्राह्मण महासभा ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित वेदगोपाल दत्त शर्मा , उत्तर प्रदेश



अध्यक्ष ऐडवोकेट पंडित पीताम्बर शर्मा के निर्देशानुसार कृष्ण मुरारी चौधरी नोएडा महानगर अध्यक्ष ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम धर्मेंद्र सिंह (सिटी मजिस्ट्रेट नॉएडा ) को ज्ञापन सौपा पवित्र धर्म ग्रंथ राम चरित मानस व ब्राह्मण समाज के प्रति गैर जिम्मेदाराना वक्तव्य देने पर ब्राह्मण समाज को घोर आपत्ति है। आर एस एस प्रमुख मोहन भागवत द्वारा ब्राह्मण समाज को टारगेट करना निंदनीय है । हम सभी ब्राह्मण समाज के लोग मिलकर इसका पुरजोर विरोध करेंगे। भगवान उनको सद्बुद्दी दे।इस मौके पर हमारे सभी पदाधिकारी मौजूद रहे और शांतिपूर्ण ज्ञापन सौपा गया। इस मौके पर विजय सिंह, बृजेश पंडित , सौरभ शर्मा, पंडित अवकाश मिश्रा, राजेश राय, डॉ अशोक सिंह, जयशंकर सिंह, विवेक कुमार अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मैहर में चल रहे नाली निर्माण कार्य में बहुत बड़ी लापरवाही

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** नाली निर्माण कार्य में आज बहुत बड़ी लापरवाही देखी नगर पालिका सीएमओ रवि गुप्ता और इंजीनियर धीरेंद्र सिंह तोमर की उदासीनता के चलते ठेकेदार शैलेंद्र परौहा की लापरवाही चरम सीमा पर। जिम्मेदारों के आंख के सामने सभी नियम कानून को ताक में रखकर खुलेआम चुनौती देते हुए ठेकेदार के द्वारा उड़ाई जा रही सुरक्षा व्यवस्था की धज्जियां। वही देखा जाए तो 10 से 12 फीट गहरे गड्ढा करके नाले का निर्माण किया जा रहा और सुरक्षा की बात किया जाए तो मजदूरों को किसी भी तरह का सेफ़्टी सामग्री क्या हेलमेट ना सूज जैसे और भी कई सुरक्षा सामग्री उपलब्ध नहीं कराई गई। आखिर क्या वजह है की ठेकेदार के द्वारा किसी भी प्रकार का कोताही नहीं बरती जा रही जो सवाल के साथ एक बड़े लेन-देन के ओर इशारा कर रहा है।



## सायबर फ्रॉड से बचाव हेतु शहडोल पुलिस ने जारी किया सायबर जागरूकता पोस्टर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शहडोल।** आम जनसामान्य को जागरूक करने में शहडोल पुलिस की महती भूमिका पुलिस अधीक्षक शहडोल ने किया पोस्टर का विमोचन संस्थान, व्यापारिक संस्थान इत्यादि जगहों में आयोजित किये जाकर शहडोल वासियों को सायबर फ्रॉड से बचाव हेतु जागरूक किया जा रहा है ! सायबर सेल शहडोल द्वारा लोगो की जागरूकता लाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है ! इसी प्रकार प्रत्येक राजपत्रित अधिकारी के कार्यालय में भी सायबर जागरूकता के बैनर को लगाये




प्रत्येक थाना क्षेत्र में लगाये जायेगें पोस्टर्स प्रत्येक राजपत्रित अधिकारी एवं थानों में लगेंगे सायबर जागरूकता बैनर्स पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक द्वारा सायबर धोखाधडी से बचाव हेतु शहडोल वासियों को जागरूकता किये जाने हेतु आज सायबर जागरूकता एवं सायबर सुरक्षा का पोस्टर विमोचन किया गया ! आयोजित कार्यक्रम में मुकेश कुमार वैश्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहडोल भी उपस्थित रहे है ! शहडोल पुलिस द्वारा सायबर सेल शहडोल के माध्यम से सायबर सुरक्षा एवं सायबर जागरूकता के कार्यक्रम प्रत्येक विद्यालय, महाविद्यालय, विगत कुछ माहों में लगभग 25 से अधिक सायबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लगभग 3000 से अधिक छात्र छात्राओं शासकीय शिक्षकों शासकीय कर्मचारियों एवं आम जन सामान्य को जागरूक किया जा चुका है ! इसी दिशा में आम जन सामान्य में जन-जन तक सायबर जागरूकता लाये जाने हेतु सायबर धोखाधडी से बचाव हेतु क्या करें एवं क्या न करें के पोस्टर्स का विमोचन किया गया ! प्रत्येक थाना को एक बैनर एवं 50 नग पोस्टर्स का वितरण कराया गया है ! जिन्हे क्षेत्र के व्यावसायिक शैक्षणिक स्थलों पर चस्पा कर जाने हेतु वितरण किया गया है ! आम जन सामान्य से अपील की जाती है कि इस पोस्टर्स में दिये गये निर्देशों को बारीकी से पढ समझ कर सायबर धोखाधडी करने वालों से स्वयं का बचाव करे एवं अन्य लोगो को भी जागरूक करें तथा शहडोल को सायबर धोखाधडी मुक्त जिला बनाये जाने एवं लोगो की मेहनत की कमाई को बचाये जाने मे शहडोल पुलिस की मदद करें ! आयोजित कार्यक्रम में सायबर सेल प्रभारी सउनि(अ) अमित दीक्षित, आरक्षक सत्यप्रकाश मिश्रा, श्रीदेवी सिंह, संदीप मार्को, प्रकाश द्विवेदी और हिमवन्तचन्द्र मिश्रा उपस्थित रहे है ।

## नोएडा हाट में 17 फरवरी से 05 मार्च तक आयोजित होगा सरस आजीविका मेला 2023

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** पर्यटन, परंपरा, कला एवं संस्कृति के मनोरम माहौल थीम की रहेगी धूम देशभर के हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प के उत्कृष्ट उत्पादों की बिक्री एवं सह प्रदर्शनी के साथ मशहूर व्यंजनों का उठायेंगे लुत्फ नोएडा तीसरी बार पर्यटन, परंपरा, कला एवं संस्कृति का मनोरम माहौल थीम के साथ, 17 फरवरी से लेकर 05 मार्च 2023 तक प्रसिद्ध सरस आजीविका मेला 2023 का




आयोजन, सेक्टर 33 के नोएडा हाट में किया जा रहा है। उक्त विषय में प्रेस वार्ता के दौरान चरणजीत सिंह आईएफओएस, अपर सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय,भारत सरकार तथा राघवेंद्र प्रताप सिंह, निदेशक, ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार, आरपी सिंह तथा चिरंजीलाल कटारिया ने विस्तृत जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा आयोजित इस सरस आजीविका मेला 2023 में ग्रामीण भारत की शिल्प कलाओं का मुख्य रूप से प्रदर्शन किया जाएगा। 17 फरवरी से 05 मार्च 2023 तक चलने वाले इस उत्सव में नोएडा के नोएडा हाट में मौजूद क़रीब 27 राज्यों के 300 से अधिक महिला शिल्प कलाकार, जो परंपरा, हस्तकला एवं ग्रामीण संस्कृति तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, इसके साथ ही 85 से ज्यादा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। सरस मेले वर्ष 1999 से निरंतर आयोजित हो रहे हैं। इन मेलों के माध्यम से लाखों महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। मेले में बच्चों के खेलकूद व मनोरंजन के लिए भी संसाधन मौजूद रहेंगे। मेले में दिल्ली-नोएडा सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लाखों दर्शक व ग्राहक भाग लेंगे। दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तमाम व्यवस्थाएं की जा रही हैं। पारदर्शिता को देखते हुए इस सरस आजीविका मेले में स्वयं सहायता समूहों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन / नोमिनेशन की व्यवस्था की गई है। मेले में बी. सी. सखी व झारखंड की पत्रकार दीदियों की भी भागीदारी रहेगी। इंडिया फूड कोर्ट सरस आजीविका मेले में इस बार महत्त्वपूर्ण इंडिया फ़ूड कोर्ट में देश भर के 20 राज्यों की 80 (उद्धमी) गृहणियों का समूह अपने प्रदेश के प्रसिद्ध क्षेत्रीय व्यंजनों के स्टाल लगाएंगी जिसमें हर प्रदेश के क्षेत्रीय व्यंजनों के स्वाद का अनोखा आनंद प्राप्त होगा। राजस्थानी कैर सागरी गट्टे की सब्ज़ी से लेकर बंगाल की फ़िश करी, तेलंगाना का चिकन, बिहार की लिट्टी चोखा, पंजाब का सरसों का साग व मक्के की रोटी, प्राकृतिक खाद्य उत्पाद, हरियाणा के बाजरे व ज्वार के लड्डू बिस्कुट, कर्नाटक व जम्मू कश्मीर के ड्राई फ्रूट सहित पूरे भारत के पकवान मौजूद रहेंगे। 01 मार्च से 05 मार्च तक मिलेट्स फीस्ट का भी आयोजन किया जाएगा। हैंडलूम सरस आजीविका मेला 2023 में कुछ उत्कृष्ट प्रदर्शन जो हैंडलूम, साड़ी और ड्रेस मेटिरियल में विभिन्न राज्यों से हैं वो इस प्रकार हैं- टसर की साड़ियां, बाघ प्रिंट, गुजरात की पटोला साड़ियां, काथा की साड़ियां, राजस्थानी प्रिंट, चंदेरी साड़ियां। हिमाचल उत्तराखंड के ऊनी उत्पाद व हैंडलूम के विभिन्न उत्पाद, झारखंड के पलाश उत्पाद व प्राकृतिक खाद्य सहित मेले में पूरे भारत की ग्रामीण संस्कृति के विविधता भरे उत्पाद प्रदर्शित होंगे। हैंडीक्राफ्ट इसके साथ ही हैंडीक्राफ्ट, ज्वैलरी और होम डेकोर के प्रोडक्ट्स के रूप में आंध्र प्रदेश की पर्ल ज्वैलरी, वूडन उत्पाद, आसाम का वाटर हायजिनिथ हैंड बैग और योगामैट, बिहार से लाहकी चूड़ी, मधुबनी पेंटिंग और सिक्की क्राफ्ट्स, छत्तीसगढ़ से बेलमेटल प्रोडक्ट्स, मडमिरर वर्क और डोरी वर्क गुजरात से, हरियाणा, का टेरा कोटा, झारखंड की ट्राइबल ज्वैलरी, कर्नाटक का चन्ननपटना खिलौना, सबाईग्रास प्रोडक्टस, पटचित्र आनपाल्मलीव ओडिशा, तेलंगाना से लेदर बैग, वाल हैंगिंग और लैंप सेड्स, उत्तर प्रदेश से होम डेकोर, और पश्चिम बंगाल से डोकरा क्राफ्ट, सितल पट्टी और डायवर्सीफाइड प्रोडक्ट्स ये सभी रहेंगे। साथ ही प्राकृतिक खाद्य पदार्थ भी फूड स्टाल पर मौजूद होंगे। प्राकृतिक खाद्य पदार्थों के रूप में अदरक, चाय, दाल कॉफी, पापड़, एपल जैम और अचार आदि उपलब्ध रहेंगे। साथ ही मेले में बच्चों के मनोरंजन का भी पुख्ता इंतजाम किया जाएगा। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी लोग भरपूर आनंद उठा पाएंगे। असिस्टेंट डायरेक्टर चिरंजी लाल कटारिया ने बताया कि मेले मैं 17,18 और 19 तारीख मैं अर्ली बर्ड्स ऑफर के तहत डिस्काउंट भी रखा गया है। जिसमे बच्चों के लिए मनोरंजन और सभी रायड्स फ्री है, लक्की ड्रा प्राइज, 5000 कि खरीददारी करने पर स्पेशल गिफ्ट और बाउचर साथ ही पहले 100 खरीददारों गिफ्ट साथ ही शिल्पकारों के साथ सेल्फी पोस्ट करने पर भी बाउचर एवं गिफ्ट कि व्यवस्था कि गई है। सरस मेलों के माध्यम से ग्रामीण स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं न केवल आजीविका के अवसर सृजन कर रही हैं, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बेहतरीन उदाहरण देश के सामने पेश कर रही हैं। यह निश्चित रूप से आजीविका यात्रा में एक मील का पत्थर है। वहीं, मेले मै सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। साथ ही जगह जगह सेनिटाइजेशन का भी इंतजाम किया गया है। महिला सशक्तिकरण के लिए मोदी एवं योगी की पहल सराहनीय : अफसाना नोएडा। उत्तर प्रदेश के रामपुर से महर्षि स्वयं सहायता समूह की संचालिका अफसाना ने यहां मेले में अपना स्टॉल लगाया है। उनका कहना है कि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर देश के प्रधानमंत्री तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की पहल सराहनीय है। उन्होंने बताया कि उनके समूह से 11 महिलाएं जुड़ी हैं, जो अपना खुद का काम कर रही हैं। सरकार ने हमें एक मंच देकर स्वाबलंबी बनाया है, यही महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण है।

## पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन ठसीटूठ ने 20 फरवरी को नोएडा प्राधिकरण पर प्रदर्शन करने का दिया नोटिस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** प्राधिकरण के अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा रेहड़ी पटरी दुकानदारों को रोजगार करने से रोकने, उन्हें हटाने/ भगाने, उनका सामान तोड़ने फोड़ने व् जप्त करने के विरोध में 15 फरवरी 2023 को पथ विक्रेता



कर्मकार यूनियन के महामंत्री व सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा व यूनियन की अध्यक्ष पूनम देवी, यूनियन के कोषाध्यक्ष रामस्वारथ के नेतृत्व में वेंडर्स के प्रतिनिधिमंडल ने नोएडा अथॉरिटी सामान्य प्रशासन के विशेष कार्याधिकारी अधिकारी श्री इंदु प्रकाश जी को समस्याओं से अवगत कराते हुए 20 फरवरी 2023 को प्रातः 11:00 बजे प्रदर्शन करने का नोटिस दिया। सीईओ महोदया को सम्बोधित ज्ञापन में कहा गया है कि आप व आपके अधीनस्त अधिकारियों द्वारा जिन वेन्डर्स का अभी तक सत्यापन नहीं हुआ है उनका मौके पर जाकर सर्वे/सत्यापन कर उनके कार्य स्थल के समीप वेन्डिंग जोन बनाकर जगह उपलब्ध कराने तथा जिन वेन्डर्स का सत्यापन हो गया है उनका ड्रा करने, जो वेन्डिंग जोन गलत जगह पर बनाये गये हैं उन्हें वेन्डर्स की सहमति से ऐसी जगह शिफ्ट करने जहां उनका कार्य चल सके। वर्तमान किराया राशि को कम कर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बराबर राशि तय करने तथा कोविड-19 से प्रभावित वर्ष 2020-2021 का किराया माफ करने, जिन वेन्डर्स का गलत तरीके से बिना नोटिस/ सूचना दिये लाईसेंस निरस्त किया गया है उसे बहाल करने, जिन वेन्डर्स ने वेन्डिंग जोन बदलवाने के लिए आवेदन दिया हुआ है, उसका निस्तारण करने, पथ विक्रेताओं के सभी संगठनों एसोसिएशनों/यूनियनों से एक-एक प्रतिनिधि को लेकर नगर पथ विक्रय समिति का स्थायी रूप से गठन करने तथा टी0वी0सी0 कमेटी को सभी अधिकार देने आदि समस्याओं/ मांगों का समाधान व उन्हें पथ विक्रेता अधिनियम के तहत उनका सत्यापन कर लाईसेंस देकर जगह उपलब्ध कराने के बजाय उनके रोजगार पर हमला व उन्हें हटाने/भगाने, उनका सामान तोड़ने-फोडने, सामान व रेहड़ी को जब्त करने की कार्यवाही की जा रही है। जिससे वेन्डर्स का उत्पीड़न बढ़ा है और उनके समक्ष जीविका चलाने का संकट उत्पन्न हो रहा है। उक्त पर हमारी यूनियन/पथ विक्रेताओं ने अपनी सभा कर तय किया है कि दिनांक 20.02.2023 को प्रातः 11.बजे आपके कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर वेन्डर्स की समस्याओं/मांगों पर आपसे मुलाकात कर ज्ञापन देने का निर्णय लिया। प्रतिनिधिमंडल में मोती सरकार, विनय, हरी गुप्ता, नवाब, रामेश्वर स्वामी, देवनारायण, परवेज, मंजू देवी, गुड्डू, सुशील आदि उपस्थित रहे।

# करीना कपूर ने किया पापा रणधीर को विश, फोटो शेयर कर जताया प्यार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर रणधीर कपूर आज यानी15 फरवरी को अपना 76वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। रणधीर कपूर का जन्म 15 फरवरी 1947 को मुंबई में हुआ था। रणधीर कपूर बॉलीवुड के शोमैन फोटो के साथ अपने पापा को बर्थडे विश करते हुए लिखा- मेरे दोनों पसंदीदा लड़के वही कर रहे हैं जो मुझे सबसे ज्यादा पसंद है हैप्पी बर्थडे पापा मैं आपको बहुत प्यार करती हूं। करीना के अलावा करिश्मा कपूर ने भी पापा रणधीर संग मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, जिसके चलते उनकी फैन फॉलोइंग भी काफी है। इस पोस्ट का कमेंट सेक्शन ढेर सारी शुभकामनाओं से भर गया है। करीना की बेस्ट फ्रेंड अमृता, मलाइका ने भी इस पोस्ट पर हार्ट



राज कपूर के बड़े बेटे हैं। रणधीर कपूर के बर्थडे पर उनकी लाडली बेटी करीना कपूर खान ने इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर कर उन्हें खास अंदाज में विश किया है। करीना ने पापा और छोटे बेटे जेह की एक फोटो शेयर की है। ये फोटो इतनी खास है तो करीना का कैप्शन भी खास होना बनता है। करीना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फोटो शेयर की है, जिसके कैप्शन में लिखा है- मेरे लिए सबसे खास इंसान मेरे पापा है। रणधीर कपूर अपनी दोनों बेटियों करिश्मा और करीना कपूर के काफी क्लोज हैं। वे अक्सर ही अपने परिवार संग फैमिली टाइम स्पेंड करते हुए नजर आते हैं। करीना कपूर सोशल का इमोजी बनाया है। रणधीर कपूर ने कई फिल्मों में अपनी शानदार एक्टिंग से फैंस के दिलों को जीता है। रणधीर कपूर को पिछली बार साल 2014 में सुपर नानी मूवी में देखा गया था। इस मूवी में एक्ट्रेस रेखा भी थीं। इसके पहले साल 2010 में वे हाउसफुल 2 में भी नजर आए थे।

# गर्लफ्रेंड बूबा का दिल जीतने से लेकर किराए के घर में रहने तक, एमसी स्टैन ने खोले अपने दिल के राज



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 के विनर एमसी स्टैन खबरों में छाए हुए हैं। शो के दौरान उनका बिंदास अंदाज फैंस को खूब पसंद आता था। बिग बॉस में स्टैन अक्सर अपनी मां और गर्लफ्रेंड बूबा के बारे में बात करते हुए नजर आते थे। जिन्हें लेकर सोशल मीडिया पर भी खूब चर्चा हुई। अब विनर बनने के बाद रैपर ने कई बातों से पर्दा उठाया है। बिग बॉस 16 जीतने के बाद एमसी स्टैन ने कृष्णा अभिषेक को एक इंटरव्यू दिया। जहां उन्होंने गर्लफ्रेंड बूबा से लेकर अपने किराए के घर और शिव ठाकरे की हार तक कई चीजों पर बात की।स्टैन ने मां को लेकर कहा कि वो आज जहां भी हैं और जो भी हैं अपनी मां के आशीर्वाद के कारण हैं। वो अपनी मां को एक घर खरीद कर देना चाहते हैं क्योंकि वो किराए के घर में रहते हैं। इस बार वो पैसे ज्वैलरी और कपड़ों पर खर्च नहीं करेंगे। रैपर ने बताया कि बूबा बिग बॉस में उनकी सबसे बड़ी सपोर्टर रही हैं। जब भी वो बूबा के बारे में सोचते थे तो उन्हें आगे बढ़ने की हिम्मत मिलती थी। रैपर ने बताया कि सबसे पहले वो बूबा से एक दोस्त के घर पर मिले थे। बूबा ने उनके साथ फोटो भी क्लिक करवाई थी क्योंकि बूबा का भाई स्टैन का फैन था। जब स्टैन मुंबई आए तो उन्हें पता चला कि बूबा उनके घर के पास ही रहती है। उन्होंने अपने दोस्तों से कहा कि वो उनके लिए कुछ न करें क्योंकि रैपर अपने दम पर बूबा का दिल जीतना चाहते थे। स्टैन ने बिग बॉस में अपने सबसे करीबी दोस्त शिव ठाकरे को लेकर भी बात की। रैपर ने कहा कि वो दिल से चाहते थे कि शिव बिग बॉस की ट्रॉफी जीते। उन्होंने अपनी जीत पर कहा कि उन्हें बिल्कुल भी नहीं लग रहा था कि वो विनर बन सकते हैं, लेकिन उनकी लाइफ में अक्सर ऐसी चीजे हो जाती है, जिनकी वो कल्पना भी नहीं कर पाते।

# जेठालाल को सता रही है पत्नी दया की याद, कहा दिशा जब से गई है तब से

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टेलीविजन का कॉमेडी सटायर शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पिछले 15 सालों से अपने दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो का हर किरदार घर-घर में लोकप्रिय है। हालांकि, पिछले 15 सालों में कई बड़े-बड़े मेन लीड एंगल, जो शो में उनके साथ फनी पार्ट था, वह मिसिंग है। दया और जेठा के बीच की केमिस्ट्री मिसिंग है। लोग भी यही बात बोल रहे हैं। देखते हैं अब आगे, मैं हमेशा से पॉजिटिव रहा हूं, आप नहीं जानते कभी भी कोई भी दिलचस्प मोड़ आ सकता है, कल किसने



किरदार इस शो को अलविदा कह चुके है। इन्हीं किरदारों में से आइकोनिक किरदार है दयाबेन उर्फ दिशा वकानी का। दयाबेन ने इस शो को साल 2015 में बाय-बाय बोल दिया था, उसके बाद से वह इस शो में नहीं लौटीं। अब हाल ही में उनके ऑन-स्क्रीन पति दिलीप जोशी उर्फ जेठालाल ने बताया कि वह दया की मौजूदगी को शो में बहुत ज्यादा मिस करते हैं। हाल ही में एक एंटरटेनमेंट पोर्टल से खास बातचीत करते हुए जेठालाल ने बताया कि वह दया के साथ शूटिंग करते हुए मस्ती करने को बहुत मिस कर रहे हैं। दिलीप जोशी बोले, 'मैं दया के किरदार को बहुत ही मिस कर रहा है। एक लंबे समय तक आप लोगों ने दया और जेठालाल के बीच की मस्ती को खूब एन्जॉय किया है। जब से दिशा जी ने शो छोड़ा है, तब से उनका वो पार्ट, वह देखा'।जेठालाल उर्फ दिलीप जोशी से जब ये पूछा गया कि दिशा वकानी शो में दयाबेन बनकर वापस लौटेंगी, तो एक्टर ने जवाब देते हुए कहा, 'ये बात पूरी तरह से मेकर्स पर निर्भर करती है। ये उनका निर्णय है कि वह पुराने एक्टर को रिप्लेस करके नए एक्टर को कास्ट करना चाहते हैं या फिर नहीं'। आपको बता दें कि कुछ महीनों पहले ही टप्पू का किरदार निभा रहे राज अनादकट ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' छोड़ा है। उनके शो छोड़ने के बाद अब उन्हें इस शो में नितीश भालुनी ने रिप्लेस किया है। आपको बता दें कि कई बार ये खबर आई है कि दिशा वकानी की इस शो में वापसी होगी, लेकिन ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला। तारक मेहता का उल्टा चश्मा टेलीविजन का सबसे लॉन्ग रनिंग शो है।

# बेटी को घर छोड़ वैलेंटाइन डे मनाने करने निकलीं बिपाशा बसु, बोलीं- मुझे बहुत बुरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर सोशल मीडिया पर अक्सर अपने प्यार का इजहार करते रहते हैं। ऐसे में ये



कपल मंगलवार यानी 14 फरवरी को 'वैलेंटाइन डे' सेलिब्रेट करने मुंबई के एक रेस्टोरेंट में पहुंचा। पेरेंट्स बनने के बाद इस कपल को एक साथ पहली बार स्पॉट किया गया। ऐसे में एक्ट्रेस ने कहा कि वह काफी गिल्ट में हैं। सोशल मीडिया पर इस पावर कपल का ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमे पैपराजी एक्ट्रेस बिपाशा से उनकी बेटी के हालचाल पूछते नजर आ रहे हैं। इस दौरान बिपाशा ने बताया कि वह बहुत गिल्ट में हैं कि वह इस तरह बेटी को घर पर छोड़कर आई हैं। उन्हें कहा- मॉम गिल्ट में हूं। पहली बार मैं ऐसे देवी को घर छोड़कर आई हूं। वेलेंटाइन डे पर सबने कहा कि एक दूसरे के लिए भी समय निकालना चाहिए। बस इसलिए बाहर आई हूं। मगर बेटी के लिए बुरा लग रहा है। वह बेटी को एक पल के लिए भी अलग नहीं करती हैं। अक्सर वह बेटी के साथ तस्वीरें शेयर करती हैं। बिपाशा ने बेटी का नाम देवी बसु सिंह ग्रोवर रखा है। ये पहली बार हैं जब कपल अपनी बेटी देवी को घर पर छोड़कर बाहर निकला है। बता दें बिपाशा अपनी बेटी का पूरा ख्याल रखती हैं। बता दें बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर शादी के 6 साल बाद पेरेंट्स बने हैं। इस कपल ने 12 नवंबर 2022 में बेटी देवी का स्वागत किया। एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी में काफी कॉम्प्लिकेशन भी हुए थे, जिसका खुलासा उन्होंने खुद कयिा था।

# कौन है भूमि पेडनेकर का ब्वॉयफ्रेंड सिड-कियारा के रिसेप्शन से दोनों का कार में साथ दिखे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**'दम लगा के हईशा' फेम बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर हमेशा



से ही अलग तरह के रोल को पर्दे पर निभाने के लिए जानी जाती हैं। भूमि ने अब तक के फिल्मी करियर में कई फिल्में की हैं। वहीं, इन दिनों वो प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इसी बीच सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी के मुंबई में वेडिंग रिसेप्शन के दौरान का भूमि का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में भूमि एक शख्स को कार में किस करती नजर आ रही हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने हाल ही में मुंबई में अपना वेडिंग रिसेप्शन दिया था। रिसेप्शन पार्टी में बॉलीवुड के तमाम स्टार्स पहुंचे थे। इसी पार्टी में भूमि पेडनेकर ने अपने लुक से हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा, लेकिन उनके लुक से ज्यादा उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर हर किसी को हैरान कर रहा है। रिसेप्शन से वापसी करते वक्त कार में किस करते हुए भूमि का एक वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो रहा है। एक शख्स उन्हें कार तक छोड़ने आता है और जैसे ही भूमि बेठती हैं वो शख्स अंदर जाकर उन्हें गुड बाय किस करता है। दोनों का ये किस वाला पल कैमरे में दोनों कैद हो जाता है। इसके बाद से ही हर कोई उस शख्स के बारे में जानना चाहता है कि आखिर कौन है वो ईटाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, भूमि पेडनेकर के रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड का नाम यश कटारिया है। रिपोर्ट की मानें तो दोनों एक-दूसरे के साथ काफी सीरियस रिलेशनशिप में हैं। यश, 28 साल के बिजनेसमैन हैं और भारत के ही रहने वाले हैं। भूमि सोशल मीडिया पर यश को फॉलो करती हैं, हालांकि उनका अकाउंट प्राइवेट है। वहीं, रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी के साथ भी यश की दोस्ती है।

# हार्दिक पंड्या और नताशा ने ली रॉयल एंट्री

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इन दिनों शादी का सीजन चल रहा है। हाल ही में सिद्धार्थ संग कियारा और बीते महीने अथिया शेट्टी और केएल राहुल शादी के बंधन में बंधे हैं। इस बीच अब एक्टर और मॉडल नताशा स्टेनकोविक के साथ क्रिकेटर हार्दिक पंड्या ने भी फिर से शादी रचाई है। राजस्थान के खूबसूरत शहर उदयपुर में ये कपल शादी के बंधन में बंधा, अपनी शादी में कपल ने रॉयल एंट्री ली। जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। हार्दिक पंड्या और नताशा ने उदयपुर में फिर क्रिश्चियन रीति रिवाज से शादी की। दोनों ने स्टेज पर जाते समय रॉयल एंट्री ली। इस दौरान हार्दिक पंड्या ब्लैक कलर के सूट में डैपर लग रहे थे, इसके साथ उन्होंने व्हाइट शर्ट, बो टाई और टिंटेड चश्मे के साथ पेयर किया था। वहीं नताशा ने रॉयल व्हाइट वेडिंग गाउन पहना था। उनके पिछे ब्राइट्समेंट्स भी चलती नजर आ रही हैं।

# शहजादा के प्रमोशंस के लिए कार्तिक आर्यन ने झोंकी ताकत, एंटमैन 3 का पड़ला अभी भी भारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन की फिल्म शहजादा 17 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। सिर्फ दो दिन बचे हैं और कार्तिक ने इसके प्रमोशन में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। सोशल मीडिया से लेकर शहर-दर-शहर वो फिल्म एडवांस बुकिंग रविवार से शुरू हुई थी। बुधवार सुबह 10.30 बजे तक फिल्म के 7 हजार से कुछ अधिक टिकट ही पहले दिन के लिए बुक हुए हैं। वहीं, पहले दिन के लिए एंटमैन 3 के एडवांस टिकटों की तादाद 57 हजार के पार हो चुकी है, यानी शहजादा 50 हजार टिकटों ओपनिंग कलेक्शंस की सही तस्वीर फिल्म रिलीज के बाद ही सामने आएगी, मगर इतना जरूर है कि शुरुआती रुझानों में फिल्म पीछे चल रही है। कार्तिक फिल्म का ताबड़तोड़ प्रमोशन कर रहे हैं और इसे दर्शकों तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। हाल ही में फैन फॉलोइंग बनायी है, जिसके दम पर वो बॉक्स ऑफिस के भरोसेमंद एक्टर बने हैं। साल 2022 में कार्तिक की फिल्म भूल भुलैया 2 टॉप ग्रॉसर्स में शामिल थी और इसने लगातार असफल हो रहे बॉलीवुड को स्थिरता दी थी। वरुण धवन के बड़े भाई






का प्रमोशन फैंस के बीच जाकर कर रहे हैं। कार्तिक ही नहीं, पूरी इंडस्ट्री की नजरें शहजादा पर टिकी हैं। हालांकि, एडवांस बुकिंग के मामले में फिल्म हॉलीवुड की एंटमैन एंड द वास्प- क्वांटमेनिया से पिछड़ती नजर आ रही है, जिससे संकेत मिल रहा है कि दर्शकों को एंटमैन 3 का इंतजार ज्यादा है। एंटमैन 3 से 50 हजार टिकट पीछे शहजादा शहजादा की से पीछे चल रही है। यह आंकड़ा सिर्फ तीन मल्टीप्लेक्स चेंस पीवीआर सिनेमाज, आइनॉक्स और सिनेपोलिस का है। यहां यह बात साफ करना जरूरी है कि शहजादा एक मास एंटरटेनर फिल्म है, जिसके दर्शकों की बहुत बड़ी तादाद सिंगल स्क्रीन सिनेमा में फिल्म देखने जाती है। वहीं, एंटमैन 3 मुख्य रूप से मल्टीप्लेक्स या महानगरों की फिल्म है। ऐसे में शहजादा के उन्होंने फिल्म का प्रमोशन दिल्ली के इंडिया गेट पर किया, जहां सीधे दर्शकों के बीच पहुंचे। कार्तिक ने शहजादा के टाइटल ट्रैक पर मौजूद फैंस के साथ डांस भी किया। इससे पहले कार्तिक ने उत्तर प्रदेश के आगरा में फिल्म का प्रमोशन किया और हीरोइन कृति सेनन के साथ ताजमहल के सामने फोटोशूट करवाया था। पिछले कुछ वक्त में कार्तिक आर्यन ने अपने लिए तगड़ी रोहित धवन के निर्देशन में बनी शहजादा तेलुगु हिट अला वैकुंठपुरमुलु का आधिकारिक रीमेक है, जिसमें अल्लू अर्जुन ने लीड रोल निभाया था। शहजादा में कार्तिक की हीरोइन कृति सेनन हैं। फिल्म पहले 10 फरवरी को रिलीज होने वाली थी, मगर पठान के कलेक्शंस को देखते हुए इसे एक हफ्ता आगे खिसका दिया गया था।

# कई गंभीर आरोप लगाने के बाद अब राखी सावंत ने आदिल दुर्रानी को तलाक देने से किया इनकार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस राखी सावंत की शादीशुदा जिंदगी में लगातार आदिल खान दुर्रानी के साथ अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियों में हैं। राखी अपनी लव मैरिज के लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। बता दें, राखी सावंत ने अपने पति आदिल दुर्रानी पर घरेलू हिंसा समेत कई



उथल-पुथल मची हुई है। राखी बाद अब आदिल संग तलाक को गंभीर आरोप लगाए हैं। इन्हीं आरोपों की वजह से आदिल इस वक्त पुलिस कस्टडी में हैं। आदिल लगातार बेल की मांग कर रहे हैं। वहीं, अब राखी का एक नया वीडियो सामने आया है। इसमें राखी ने आदिल खान को तलाक देने से साफ मना कर दिया है राखी सावंत का एक नया वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में वह पैपराजी से बात करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में राखी कहती है, 'मैं तलाक नहीं दूंगी। उन्होंने मुझे इतनी बार धमकी दी है, घर में बाहर, यहां तक की आज कोर्ट में भी उसने मुझे धमकी दी है।' इसके बाद ही एक्ट्रेस ने मीडिया से उस लड़की से मीडिया को मिलवाया जिसने राखी की मुलाकात आदिल खान से कराई थी। इस लड़की का नाम शैली है।

# लगान' एक्टर के निधन से शोक में बॉलीवुड आमिर खान सहित इन सितारों ने दी श्रद्धांजलि

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 1973 में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाले जावेद खान अमरोही ने 60 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उन्होंने राज कपूर, शबाना आजमी से लेकर नई जनरेशन के आलिया भट्ट जैसे सितारों तक के साथ काम किया। अपने फिल्मी करियर में 150 फिल्में करने वाले जावेद खान अमरोही पिछले काफी समय से सांस की तकलीफ से जूझ रहे थे। एक्टर के निधन से बॉलीवुड सितारों को भी गहरा झटका लगा है। सुनील शेट्टी सहित कई सितारों ने ट्वीट कर शोक व्यक्त किया है।आमिर खान के साथ फिल्म 'लगान' में नजर आए जावेद खान अमरोही के निधन से एक्टर को भी गहरा झटका लगा है। आमिर खान की टीम ने एक्टर के निधन के बाद उनकी फोटो पोस्ट करते हुए लिखा, 'जावेद जी, आप कभी भी दूसरो के चेहरों पर मुस्कान लाने में फेल नहीं हुए। आप का प्योर दिल और पॉजिटिव एनर्जी को बहुत याद किया जाएगा'। शबाना आजमी ने जावेद खान अमरोही के



निधन के बाद उनको श्रद्धांजलि देते हुए अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर शेयर की है। ये फोटो किसी फिल्म की है, जिसमें ये दोनों बहु-प्रतिभाशाली एक्टर साथ में नजर आ रहे हैं। जावेद खान के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए शबाना आजमी ने लिखा, 'ये सुनकर बहुत ही ज्यादा झटका लगा कि जावेद खान अमरोही अब हमारे बीच नहीं रहें। वह इंडियन पीपल थिएटर एसोसिएशन के सबसे मंझे हुए कलाकार में से एक थे।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

**नोटः-** इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।